卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं, यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त — हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 107 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦24 जनवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# जिलों में नियुक्त होंगे खनन अधिकारी

## धामी कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव हुये पास, जीतने के बाद जुड़वां होने पर प्रतिनिधि नही होगा अयोग्य

देहरादून(उद ब्यूरो)। उत्तराखण्ड सरकार की आज आयोजित कैबिनेट बैठक में कई प्रस्तावों पर फैसला लिया गया। मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के कई प्रस्तावों पर फैसला लिया गया। कैबिनेट की बैठक में विभिन्न विभागों में सहायक अभियंताओं को वाहन भत्ता 4000 रूपये प्रति माह अनुमन्य करने पर अपनी सहमति दी गई चाइल्ड केअर लीव में अब तीसरे साल में भी 100 प्रतिशत वेतन देने पर कैबिनेट अपनी मुहर लगाई हैं। व्यक्तिगत सहायक में पदोन्नति



के लिए 4800 का नया ग्रेड किया गया है। खनन नियमावली में संशोधन करते हुये वीडियोग्राफी की अनुमति देते हुये खनन के ढांचे को लेकर सात अतिरिक्त पदों को स्वीकृति दी गई। जिसमें छह डिस्ट्रिक्ट (शेष पेज सात पर)

## दो फरवरी को अयोध्या धाम जायेगी धामी कैबिनेट

देहरादून(उद संवाददाता)। दो फरवरी को धामी कैबिनेट अयोध्या जाएगी। बुधवार को सीएम पुष्कर सिंह धामी ने यह निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सभी श्री राम जी की मूर्ति के दर्शन के लिए एक साथ जाएंगे। यह हर्ष-उल्लास और देश को गौरवान्वित करने वाल क्षण है। अयोध्या में श्रीराम के बाल विग्रह रूप की प्राण प्रतिष्ठा के बाद सीएम ने कहा कि प्रभु श्रीराम के न्याय, नैतिकता, सत्यनिष्ठा, साहस, शालीनता और करुणा के भाव को अपने जीवन में लाने के लिए संकल्प लेने का दिन है। कहा, संतों की तपस्या, कारसेवकों के बलिदान, करोड़ों सनातनियों की प्रतीक्षा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रबल इच्छाशक्ति के परिणामस्वरूप अयोध्या में रामलला भव्य एवं दिव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं।

# ट्रक से भिड़ी फॉर्च्यूनर कार: दो की मौत, एक गंभीर

किच्छा (उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पुलभट्टा थाना से कुछ दूर पिपलिया मोड़ के नजदीक सेवा सिंह पेट्रोल पंप के पास गत देर रात्रि ट्रक एवं कार के मध्य हुए भीषण सड़क हादसे में कार सवार दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई तथा कार के परखच्चे उड़ गए। सूचना पर रात्रि में ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया तथा घायलों को बमुश्किल बाहर निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किच्छा में भर्ती कराया गया। जहां पर चिकित्सकों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन हेतु भिजवाया गया। बताया जा रहा है कि





देर रात्रि फॉर्च्यूनर कार संख्या यूके 03 बी 2626 किच्छा से सितारगंज की ओर जा रही थी कि पिपलिया मोड़ के पास स्थित सेवा सिंह पेट्रोल पंप के पास छाए घने कोहरे के कारण आगे चल रहे अज्ञात ट्रक से भीड़ गई। कार की गति इतनी तेज थी की ट्रक से टकराते ही कार के परखच्चे उड़ गए तथा उसमें सवार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि ट्रक चालक ट्रक को सितारगंज की ओर भगा ले गया। सड़क दुर्घटना की सूचना पाकर पुलिस द्वारा मौके पर जाकर तुरंत कार्यवाही करते हुए जहां घायलों को अस्पताल भिजवाया वहीं घायलों के बारे में विस्तृत जानकारी लेकर उनके परिजनों को सूचित किया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मृतक शिवा गुप्ता उम्र 24वर्ष पुत्र दुर्गा चरण गुप्ता निवासी जहांनाबाद पीलीभीत का रहने वाला था। जिसकी पहचान उसके परिजनोंद्वारा की गई है तथा मृतक के माता-पिता दोनोंही स्थानीय अस्पताल में पहुंच चुके थे जबकि आसिफ पुत्र जमील अहमद निवासी बाईपास रोड नवाबगंज बरेली जिसकी उम्र लगभग 32 वर्ष थी की भी पहचान की जा चुकी है। उसके परिजनों को भी सड़क दुर्घटना की सूचना दे दी गई है। उधर जानकारी में आया है कि मृतक शिवा गुप्ता की माता ममता गुप्ता नगर पंचायत अध्यक्ष हैं। बहरहाल सड़क दुर्घटना की सूचना पुलिस को 112 डायल नंबर पर दी गई थी तथा मौके पर कोई भी प्रत्यक्षदर्शी नहीं था। जबकि एक घायल को उच्च चिकित्सा हेतु 108 एम्बुलेंस से बरेली ले जाया गया है इसके बारे में पूर्ण जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाई।

# स्वर्ण पदक विजेता महिला कबड्डी टीम सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। एकल अभियान समिति ने राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में विजेता रही महिला कबड्डी टीम को आज सम्मानित किया गया। रामपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित सम्मान समारोह में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय सह मंत्री स्नेह पाल के सानिध्य में एकल अभियान समिति ने गत दिनों नागपुर में हुई राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में अभ्युदय यूथ क्लब की महिला खिलाड़ियों को फाइनल में जीतने पर शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। गत दिनो एकल अभियान के तत्वावधान में नागपुर में राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में अभ्युदय



यूथ क्लब के महिला खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। जिसमें उन्होंने कबड्डी प्रतियोगिता में पूर्वी उत्तर प्रदेश को फाइनल में हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया था। आज सम्मान समारोह में एकल अभियान समिति के सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। एकल अभियान समिति के खेल प्रभारी भारत भूषण चुघ ने कहा(शेष पेज सात पर)

# डीडी चौक पर मिला अज्ञात वृद्धा का शव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं नगर के व्यस्ततम डीडी चौक पर एक अज्ञात वृद्धा का शव पाये जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर 108 एम्बुलेंस से उसे जिला चिकिसालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। समाचार लिखे जाने तक मृतका की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। जानकारी के अनुसार गत सायं डीडी चौक पर लोगों ने करीब 60 वर्षीय वृद्धा को अचेत अवस्था में पड़े देखा। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने वृद्धा को 108 एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया। पुलिस का कहना है कि दोपहर तक मृतका की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मामले से आसपास के थानों को अवगत करा दिया गया है।

# ‘पौष्टिक मिड डे मील’ के बाद भी ‘पूर्ण स्वस्थ’ नहीं उत्तराखंड के ‘नौनिहाल’

## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य सर्वेक्षण से उजागर हुई प्रदेश के स्कूली बच्चों की तमाम बीमारियां सर्वे के बाद तेरह हजार छात्र छात्राओं व नौनिहालों को उपचारार्थ किया जा चुका है रेफर

-अर्श-

रूद्रपुर। सूबे के सरकारी स्कूलों के कक्षा एक से लेकर आठवीं तक के छात्र-छात्राओं को विद्यालय में पौष्टिक मिड डे मील प्रदान किए जाने के दावे बावजूद उत्तराखंड के नौनिहाल पूरी तरह स्वस्थ नहीं है। अब शासकीय विद्यालयों को मिड डे मील हेतु उपलब्ध कराए जाने वाले राशन में ही कोई खराबी है या फिर छात्र-छात्राओं तक पहुंचते-पहुंचते मिड डे मील की गुणवत्ता रास्ते में ही कहीं कम हो जाती है? यह तो राज्य सरकार के लिए शोध का विषय है ही, लेकिन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य सर्वेक्षण में तथा कथित पौष्टिक मिड डे मील खाने वाले राज्य के नौनिहालों की जो बीमार तस्वीर सामने आई है, वह बेहद सोचनीय है और इस तथ्य को बड़ी ही स्पष्टता से रेखांकित करती है कि राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य पूरी तरह दुरुस्त नहीं है। बताना होगा कि उत्तराखंड के शासकीय स्कूलों में तकरीबन साढ़े छह लाख छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं इनमें से साढ़े चार लाख छात्राओं के स्वास्थ्य का परीक्षण राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कराए जाने वाले सर्वे में किया गया है, जिसमें शिक्षा विभाग के पौष्टिक मिड डे मील एवं स्वच्छता के झूठे दावों की पोल पोल



गई है। गौरतलब है कि साढ़े चार लाख छात्र-छात्राओं के इस सर्वे में 13 फीसदी छात्र-छात्राएं खून की कमी, आंखों की बीमारियां एवं त्वचा से जुड़ी अनेक समस्याओं से पीड़ित पाए गए हैं। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत अप्रैल 2023 से नवंबर 2023 कि इस रिपोर्ट को केंद्र एवं राज्य सरकार दोनों ही ने बेहद गंभीरता से लिया है तथा एपीडी समग्र शिक्षा अभियान डॉ मुकुल कुमार सती के अनुसार छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को लेकर एहतियात बरता जा रहा है और तेरह हजार से अधिक छात्रों छात्र-छात्राओं को उपचार के लिए रेफर किया गया है। यहां पर यह बताना जरूरी है कि बीमार छात्र-छात्राओं की संख्या और भी बढ़ सकती है, क्योंकि अभी राज्य के शासकीय स्कूलों में माध्यमिक स्तर तक की शिक्षा प्राप्त कर रहे समस्त छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण नहीं कराया जा सका है। ऐसे में समस्त साढ़े छह लाख छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण पूर्ण होने पर बीमार एवं कमजोर छात्र-छात्राओं की संख्या में इजाफा की संभावना से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता। खबर है कि केंद्रीय शिक्षा सचिव संजय कुमार ने राज्य को शेष बचे छात्र- छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण शीघ्र कराए जाने का निर्देश दे दिया है। लिहाजा उत्तराखंड के सरकारी स्कूलों के मिड डे मील की पौष्टिकता की वास्तविक तस्वीर सभी छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत ही सामने आ पाएगी। (शेष पेज सात पर)

# हेल्पलाईन पर शिकायतकर्ताओं को पूरी तरह से किया जाए संतुष्ट : धामी

## मुख्यमंत्री ने कहा : सभी विभागों के सचिव नियमित रूप से सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा करें

देहरादून(उद संवाददाता)। "यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी शिकायत को एकतरफा बंद न किया जाए। किसी भी शिकायत को बंद करने से पहले शिकायतकर्ता को पूरी तरह से संतुष्ट किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लगे सभी कार्मिकों को ओनरशिप लेकर कार्य करना होगा" मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में सीएम हेल्पलाइन 1905 के सम्बंध में समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने सीएम दर्पण डैशबोर्ड 2.0 का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की शिकायतों का अधिक से अधिक समाधान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी 60% शिकायतों का समाधान हो रहा है। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि मार्च 2024 तक हम 80% शिकायतों का समाधान कर सकें। बैठक में जानकारी दी गई कि 9 मई 2023 से 22 जनवरी 2024 तक कुल 95573 शिकायतें पंजीकृत हुई, जिनमें से



लगभग 60% शिकायतों का समाधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मार्च 2024 तक हमारा लक्ष्य 80% शिकायतों के समाधान का होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ शिकायतें ऐसी भी होती हैं जिनका कई बार व्यवहारिक रूप से समाधान तलाशने के बावजूद निस्तारण नहीं हो पाता। ऐसे में शिकायतकर्ता से संवाद अवश्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभागों के सचिव नियमित रूप से सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा करें। मुख्यमंत्री ने जनता से सर्वाधिक संवाद /शिकायतों के समाधान करने वाले जिलों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अन्य जिलों को उनसे प्रेरित होने की बात कही। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 1 करोड़ लोगों के लिए सोलर पैनल योजना शुरू करने का जिक्र करते हुए निर्देश दिए कि राज्य सचिवालय से लेकर तमाम सरकारी कार्यालयों में सोलर पैनल को अनिवार्य किया जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, श्री आंनद बर्द्धन, डीजीपी अभिनव कुमार, राज्य अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष श्री विश्वास डाबर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री आर मीनाक्षी सुंदरम, विनय शंकर पांडेय, सूचना महानिदेशक श्री बंशीधर तिवारी आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# उत्तराखण्ड रोडवेज परिवहन निगम ने पेश की नई नजीर

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में गुड गवर्नेंस के मॉडल को उत्तराखण्ड रोडवेज (परिवहन निगम) ने धरातल पर उतारकर राज्य में नई नजीर पेश की है। निगम ने ढ़ाई साल में न केवल 20 साल के घाटे को मात दी, बल्कि रिकॉर्ड 56 करोड़ का मुनाफा कमाकर रोडवेज की बसों को नई रफ्तार दी है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने इस उपलब्धि पर आज सचिवालय में परिवहन निगम के सचिव श्री अरविंद सिंह ह्यांकी एवं प्रबंध निदेशक डॉ. आनंद



श्रीवास्तव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। 2022 में परिवहन निगम ने 520 करोड़ के घाटे और सभी खर्चों को पूरा कर रिकॉर्ड 29 करोड़ का मुनाफा कमाया। उत्तराखण्ड परिवहन निगम के पास वर्तमान में 1350 बसें हैं। इनका संचालन राज्य के भीतर और दूसरे राज्यों में किया जा रहा है। खासकर 151 सीएनजी युक्त बसें दिल्ली रूट पर चल रही है। निकट भविष्य में 200 सीएनजी बसें पहाड़ और मैदानी रूट पर संचालन के लिए खरीदने की योजना है। उत्तराखण्ड में परिवहन निगम ने 8 बस टर्मिनल तैयार कर दिए हैं। जबकि 13 बस टर्मिनल का काम प्रगति पर है। इसके अलावा हरिद्वार, ऋषिकेश, हल्द्वानी और काठगोदाम में 4 आईएसबीटी प्रस्तावित है। साथ ही श्रीनगर, कोटद्वार, रुड़की, रानीखेत और काशीपुर में पांच वर्कशॉप बनाने के प्रस्ताव भी हैं।

# झांकी की थीम में दिखाया जायेगा 'विकसित उत्तराखण्ड'

देहरादून(उद संवाददाता)। भारत पर्व के अवसर पर आगामी 23 से 31 जनवरी तक दिल्ली के लाल किले में पहली बार उत्तराखण्ड की विकास यात्रा के दर्शन करने को मिलेंगे। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में इस बार झांकी की थीम 'विकसित उत्तराखण्ड' रखी गई है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने बाबा केदार की धरती से 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक बताया था इसी दिशा में राज्य सरकार मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में लगातार कदम बढ़ा रही है। झांकी में प्रदेश के विभिन्न अंश शामिल किए गए हैं। सूचना विभाग के संयुक्त निदेशक व नोडल अधिकारी श्री के.एस. चौहान ने बताया कि झांकी के



अग्रभाग में कुमाऊंनी महिला को पारम्परिक वेशभूषा में स्वागत करते हुए दिखाया गया है और पारम्परिक व्यंजन मंडूवा, झंगोरा, रामदाना व कौणी की खेती अथवा राज्य पक्षी मोनाल को दर्शाया गया है। चौहान ने यह भी बताया कि झांकी के मध्य भाग में होम स्टे को दिखाया गया है व इस योजना से हजारों ग्रामीणों को रोजगार मिल रहा है। झांकी के अंतिम भाग में ऑल वेदर रोड, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, रोपवे और भारत के प्रथम गांव माणा के लिए रोड कनेक्टिविटी को दर्शाया गया है।

# सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों से ड्रोन के कोर्स कराए जाएं : सीएस

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने मंगलवार को सचिवालय में प्रदेश की ड्रोन पॉलिसी के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि ड्रोन क्षेत्र में इनोवेटिव एप्रोच अपनाने की आवश्यकता है इसके लिए देश के प्रौद्योगिकी संस्थानों से सहयोग लेने के लिए कांट्रेक्ट किए जाएं। मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तराखण्ड मोस्ट हेलीकॉप्टर फ्रेंडली स्टेट है, ड्रोन कॉरिडोर के लिए जीरो रिस्क एरिया पर फोकस किया जाए। उन्होंने कहा कि पिटकुल और यूपीसीएल की बहुत सी हाई-टेंशन और लो-टेंशन लाइन्स को ध्यान में रखते हुए पटकुल और यूपीसीएल से आपसी सामंजस्य स्थापित किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि ड्रोन के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए ड्रोन पॉलिसी का प्रचार- प्रसार किया जाए। साथ ही प्रदेश के युवाओं को ड्रोन ट्रेनिंग और रोजगार की दिशा में कार्य करते हुए प्रदेश के सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों से ड्रोन के कोर्स कराए जाएं। इस अवसर पर सचिव श्री आर मीनाक्षी सुंदरम, श्री शैलेश बगौली, निदेशक आईटीडीए श्री विनीत कुमार एवं आईजी (सुरक्षा) श्री राजीव स्वरूप सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# 25 को देहरादून के बजाय हरिद्वार से रवाना होगी पहली आस्था ट्रेन

देहरादून। अयोध्या में रामलला के दर्शन करने वालों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने दून और हरिद्वार से आस्था स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। हरिद्वार तक सिंगल लाइन होने के चलते दून से 18 और हरिद्वार से 22 कोच की ट्रेन चलेगी। हरिद्वार से पहली ट्रेन 25 जनवरी को अयोध्या के लिए रवाना होगी।दरअसल, देहरादून से हरिद्वार तक सिंगल लाइन होने के चलते 18 कोच से अधिक कोच वाली ट्रेन का संचालन दून से कराना रेलवे के लिए बड़ी चुनौती है। यही वजह है कि रेलवे ने 22 कोच वाली आस्था ट्रेन दून के बजाय हरिद्वार से चलाने का फैसला लिया है।रेलवे के एक अधिकारी ने बताया, 18 कोच की आस्था स्पेशल ट्रेन दून से और 22 कोच वाली ट्रेन हरिद्वार से चलाने की योजना है। हरिद्वार से 25 जनवरी को रवाना होने वाली पहली ट्रेन हरिद्वार से होते हुए मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, आलमपुर और लखनऊ होते हुए अयोध्या पहुंचेगी।इसके बाद एक फरवरी को दून से रवाना होने वाली 18 आस्था कोच मुरादाबाद, रामपुर, बरेली से लखनऊ होते हुए अयोध्या पहुंचेगी। इसके बाद आठ फरवरी को भी हरिद्वार से ही आस्था ट्रेन अयोध्या के लिए निकलेगी।

# क्षय रोगियों को प्रतिमाह प्रदान की जा रही पोषण आहार सामग्री

देहरादून। टी.बी. एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड की जनरल सेक्रेटरी पूनम किमोठी द्वारा बताया गया कि राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) द्वारा 13 क्षय रोगी गोद लिये गये हैं, जिन्हें नियमित रूप से प्रतिमाह पोषण आहार सामग्री प्रदान की जा रही है। इन क्षय रोगियों में से 02 क्षय रोगी सही उपचार के फलस्वरूप क्षय रोग मुक्त हो गये हैं जिन्हें स्वयं के रोजगार प्रदान किये जाने के दृष्टिगत राज्यपाल महोदय के सहयोग से टी.बी. एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड द्वारा सिलाई मशीन प्रदान की गयी है। टी. बी. एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड द्वारा दून अस्पताल देहरादून में 02 क्षय रोग ग्रसित महिलाओं को आजीविकोपार्जन के लिए 02 सिलाई



मशीन प्रदान की गई। ज्ञातव्य है कि 'निक्षय कार्यक्रम' के तहत संपूर्ण भारतवर्ष में क्षय रोगियों को विभिन्न सरकारी/गैर सरकारी/सामाजिक संगठनों/व्यक्ति विशेष के सहयोग से क्षय रोग के संपूर्ण उन्मूलन की दिशा में एक सामूहिक प्रयास के तहत प्रतिमाह पोषण आहार सामग्री रोगियों को वितरित की जा रही है। इस अवसर पर राजभवन के चिकित्साधिकारी मेजर ए.के.सिंह, डॉ. सी.एस.रावत (एसीएमओ), डॉ. अनुराग अग्रवाल(सीएमएस) उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड में मौजूद हैं 18 राम मंदिर

## कुमाऊं मंडल में हैं आठ और गढ़वाल मंडल में हैं राम मंदिर

देहरादून(उद ब्यूरो)। देवभूमि उत्तराखंड में भगवान राम के एक नहीं बल्कि 18 मंदिर हैं। जिसमें से 10 मंदिर गढ़वाल मंडल में तो आठ मंदिर कुमाऊं मंडल में हैं। देवप्रयाग में जहां ऐतिहासिक रघुनाथ मंदिर है जहां पर भगवान राम ने तपस्या की थी तो वहीं अल्मोड़ा में स्थित रामशिला मंदिर है जहां भगवान राम की चरण पादुका हैं। गढ़वाल मंडल में भगवान राम के 10 मंदिर हैं। जिसमें से छह मंदिर तो हरिद्वार जिले में ही स्थित हैं। हरिद्वार में भूपत वाला स्थित श्री राम मंदिर लगभग 125 साल पुराना है। इसके साथ ही रूड़की में भी एक राम मंदिर स्थित है। उत्तरकाशी जिले में बड़कोट तहसील के खेर गांव तथा गंगाटाडी में भगवान राम के दो मंदिर हैं। लेकिन इन मंदिरों की स्थापना के बारे में कोई सटीक जानकारी नहीं है। इसके साथ ही रघुनाथ मंदिर भी गढ़वाल मंडल में ही है। जबकि कुमाऊं मंडल में भगवान राम के आठ मंदिर स्थित हैं। कुमाऊं मंडल के नैनीताल जिले में ही तीन राम मंदिर स्थित हैं। जिसमें से एक हल्द्वानी, एक रामनगर



और एक गर्मपानी में स्थित है। अल्मोड़ा में चंद्र राजाओं द्वारा स्थापित किया गया राम मंदिर है। इस मंदिर में भगवान राम की चरण पादुकाएं हैं। चंपावत जिले में राम के दो प्रमुख मंदिर हैं। इसी तरह बागेश्वर जिले के ठाकुरद्वारा और पिथौरागढ़ जिले के गंगोली में भी भगवान राम का मंदिर मौजूद है। भगवान राम ने अपनी आखिरी तपस्या उत्तराखंड के देवप्रयाग में की थी। ये खूबसूरत जगह अब एक प्रसिद्ध तीर्थस्थल के तौर पर जानी जाती है। देवप्रयाग अलकनंदा-भागीरथी नदी के संगम पर बसा है। देवप्रयाग देवभूमि उत्तराखंड के पंच प्रयागों में से एक है। जिस स्थान पर भगवान राम ने तपस्या की थी वहां पर भव्य मंदिर रघुनाथ मंदिर की स्थापना की गई है। अल्मोड़ा जिले में स्थित रामशिला मंदिर में भगवान राम की चरण पादुकाएं मौजूद हैं। यहां पर भगवान राम के शिला रूपी चरण देखने को मिलते हैं। इस मंदिर की स्थापना राजा रुद्रचन्द ने अल्मोड़ा के मल्ला महल में साल 1588 में करवाई थी। बताया जाता है कि इस मंदिर का इतिहास 400 साल से भी ज्यादा पुराना है।

# प्रदेश के पर्यटक स्थलों के प्रचार-प्रसार के विशेष प्रयास किए जाए : राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे ने भेंट की। उन्होंने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों और पहल का प्रस्तुतिकरण दिया। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड में पर्यटन के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं, हमें इसका लाभ लेकर यहां पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अछूते पर्यटक स्थलों के प्रचार-प्रसार के विशेष प्रयास किए जाएं जिससे लोग इनके बारे में जान सकें। उन्होंने कहा कि कोविड के बाद पूरा विश्व योग, आयुर्वेद, आध्यात्म और प्राकृतिक सौंदर्य का लाभ लेना चाहता है, जिसके लिए उत्तराखंड से बेहतर और कोई स्थान नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटकों के लिए अवस्थापना सुविधाओं के विकास के साथ-साथ प्रचार-प्रसार पर कार्य करने की जरूरत है। अपने प्रस्तुतिकरण में सचिव ने बताया कि मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत प्रथम चरण में कुमाऊं के मंदिरों में



सुनियोजित विकास के कार्य किए जा रहा है। इसमें अधिकांश मंदिरों में होने वाले विकास कार्यों की डीपीआर तैयार कर ली गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एयर सफारी और जायरोकॉप्टर के माध्यम से पर्यटकों को आकर्षित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि होम स्टे के माध्यम से भी लोगों को पर्यटन गतिविधियों से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मार्केटिंग और प्रमोशन के लिए भी विभाग द्वारा निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर निदेशक मार्केटिंग, यूटीडीबी सुमित पंत, ओएसडी श्री केदारनाथ उत्थान चौरिटेबल ट्रस्ट सतीश बहुगुणा मौजूद रहे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# सर्दी से बचाव के लिए जरूरतमंदों को बांटी रजाईयां






गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर में अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री जुल्फिकार अली के निवास पर शाह सकलेन अकादमी की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जरूरतमंदों को रजाईयों का वितरण किया गया। मंगलवार को शाह सकलेन अकडमी के प्रदेश अध्यक्ष मो. ताहिर सकलेनी व जुल्फिकार अली ने यूनिट गदरपुर की ओर से सर्दी से बचाव के लिए जरूरतमंदों को लगभग 200 लिहाफों का वितरण किया गया। रजाईयां पाकर जरूरतमंद खुश नजर आए। वार्ड नंबर 10 आजाद नगर में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री जुल्फिकार अली के निवास पर मंगलवार की सुबह हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भारी सर्दी से बचाव के लिए गरीब लोगों को लिहाफों का वितरण किया गया वहीं जुल्फिकार अली ने बताया कि जरूरतमंदों की सेवा से बढ़कर और कोई सेवा नहीं होती उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य यदि जरूरतमंदों के बारे में सोच तो समाज से गरीबी का नाम समाप्त हो जाएगा। इनके द्वारा क्षेत्र के गरीब परिवारों को सर्दी के मौसम में हर साल लिहाफ वितरण किए जाते हैं जो कि इस वर्ष भी किए गए हैं। जुल्फिकार अली ने जानकारी देते हुए बताया कि और भी जो जरूरतमंद लोग हैं वह आकर अपना नाम लिखवा दें उन्हें अगले प्रोग्राम में लिहाफ दे दिए जाएंगे और उनका नाम भी गुप्त रखा जाएगा। इस दौरान हजरात शाह सकलेन अकाडमी के यूनिट के प्रदेश अध्यक्ष मो ताहिर सकलेनी, किच्छा से नजीर अहमद सकलेनी, रासम सकलेनी, सैफ अली सकलेनी, बब्बू सकलेनी, अंजार हुसैन,अकील अहमद सकलेनी आदि टीम के लोग मौजूद रहे।

# रूद्रपुर में श्रीमद् भागवत कथा 28 जनवरी से: स्वामी उमेशानंद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रूद्रपुर गांधी पार्क में आज 28 जनवरी से 3 फरवरी तक दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वाराश्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के स्वामी उमेशानन्द ने गया कि भगवान की विभिन्न कथाओ का सार श्री मद भागवत कथा है। भारतीय इतिहास के 18 पुराणों मे प्रमुख भागवत महा पुराण को पुराणों का राजा कहा जाता है। भगवान की निरंतन भक्ति ओर पूजा के साथ-साथ प्रत्येक मानव को सुनानी ओर जीवन मे धारण करनी चाहिए। ऐसा माना जाता है इसे सुनने से मानव के पाप ओर कष्ट स्वत: ही नष्ट हो जाते है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान एक सामाजिक कल्याणकारी व धार्मिक संस्थान है। मूलत:



अध्यात्म द्वारा प्राप्त आत्म-अनुसंधान की सनातन प्रक्रिया द्वारा संभव आत्म जाग्रति ही संस्थान के कार्यक्षेत्र का केन्द्र बिन्दु है। यही आदर्श मानव तथा समाज के निर्माण का आधार है। ईश्वरीय प्रेरणा तथा नि:स्वार्थ समाज सेवियों की आहुतियों से संस्थान व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र तथा विश्व की प्रत्येक समस्या का समाधान प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने बताया गांधी पार्क, रुद्रपुर में समष्टिगत लोक कल्याण हेतु 28 जनवरी से 03 फरवरी तक दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक श्री मघ्द्भागवत कथा का कार्यक्रम किया जा रहा है। वह प्रत्याशा रखते हैं कि सभी इस धार्मिक एवं समाज उत्थान हेतु हो रहे कार्यक्रम में स्वयं उपस्थित होकर पुण्य के प्रतिभागी बनेगें।

# मीना ने महर्षि वाल्मीकि मंदिर में पहुंचकर की पूजा अर्चना

रूदपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर निर्माण और रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रुद्रपुर में भी विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना की और क्षेत्र की खुशहाली, तरक्की, अमन चौन, और आपसी भाईचारे की मजबूती के लिए प्रार्थना की स



इससे पूर्व श्रीमती शर्मा गांधी कॉलोनी स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर पहुंची, जहां उन्होंने प्रभु श्री राम और रामायण रचयिता महर्षि वाल्मीकि के सम्मुख पूजा अर्चना की और दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज के द्वारा श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा का स्वागत किया गया स बाद में श्रीमती शर्मा देव विहार कॉलोनी, और केशवपुरम बाटा कॉलोनी, सहित नारायण कॉलोनी लमरा गांव पहुंची, जहां उन्होंने विविध धार्मिक कार्यक्रमो में प्रतिभाग किया स इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने मंदिरों में आयोजित भंडारे में प्रसाद भी ग्रहण किया। इस दौरान श्रीमती शर्मा के साथ कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, रणजीत सिंह राणा, रामाधारी गंगवार, संजीव रस्तोगी, दिनेश मौर्य, सुदर्शन शर्मा, अरविंद सक्सेना, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# राजा जगत देव जी की जयंती पर वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। गदरपुर विधानसभा के अंतर्गत दिनेशपुर मण्डल के ग्रामसभा डलपुरा स्थित डल बाबा मंदिर में राजा जगतदेव जी की जयंती के उपलक्ष्य पर बुक्सा जनजाति द्वारा दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता व संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ अतुल पांडे द्वारा किया गया। इस दौरान वॉलीबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता में बन्नाखेड़ा, फतेहगंज,कोपा,चंदायन,मजरा, नंदपुर,रूपपुर,खटोला,मदपुरी, भजपुरी आदि टीमों ने भाग लिया। इस मौके पर लाखन सिंह,स्वरूप सिंह,आदिम बुक्सा जनजाति कल्याण समिति जिलाध्यक्ष मुकेश सिंह,मंगल सिंह, पूरन सिंह प्रधान,कन्हैया सिंह प्रधान,लखमीर सिंह, गुरुवाज सिंह,राज कुमार,धर्म सिंह,भूप सिंह,संजय सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला सिडकुल कर्मी का शव

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रात: निकटवर्ती ग्राम जयनगर नम्बर चार में एक सिडकुल कर्मी का शव उसके घर के आगे पड़ा पाया गया। उसे तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुचकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मुल रूप से ग्राम भट्टई जिला कुशीनगर उप्र निवासी जयप्रकाश पुत्र भज शंकर राय यहां ग्राम जयनगर नम्बर चार में अपने साथी लल्लन राय के साथ किरायेदार के रूप में रहता था और सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। बताया जाता है कि रात्रि करीब 10 बजे वह काम करके घर वापस आया था। प्रात: उसे घर के आगे अचेत अवस्था में पड़ा पाया देखा गया। उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संभावना व्यक्त की जा रही है कि जयप्रकाश घर की तीसरी मंजिल से गिरा होगा। रात भर पड़ा होने से ठंड लगने व गंभीर चोटों की वजह से उसकी मौत हो गई। इधर पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा। मामले की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है।

# क्रांतिकारी योद्धा थे नेताजी सुभाष चंद्र बोस: शैलेंद्र मिश्रा

काशीपुर(उद संवाददाता)। जनजीवन उत्थान समिति के तत्वाधान में मोहल्ला गंज स्थित श्री जगदीश प्रेरणा भवन के सभागार में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका मुख्य विषय था देश की आजादी में सुभाष चंद्र बोस का योगदान, इस अवसर पर महान क्रांतिकारी योद्धा नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा गोष्ठी में बोलते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि देश की आजादी की जंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती को आज पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जा रहा है ,उनका जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा के कटक में एक बंगाली परिवार में हुआ था। 1921 में सुभाष चंद्र बोस ने सिविल सर्विस की सरकारी नौकरी छोड़कर कांग्रेस में जुड़ गए थे और 1928 में जब साइमन कमीशन भारत आया तो उन्होंने काले झंडे दिखाकर इसका विरोध किया था साथ ही 26 जनवरी 1931 को कोलकाता में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर आंदोलन का बिगुल बजाया,21 अक्टूबर 1943 को आजाद हिंद फौज की स्थापना की इसका प्रतीक चिन्ह दहाड़ता हुआ बाघ था नेताजी द्वारा दिया गया जय हिंद का नारा आज भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है उन्होंने एक नारा यह भी दिया था कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा आज विश्व के इतिहास में आजाद हिंद फौज जैसा कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता जहां हजारों युद्ध बंदियो को संगठित कर अंग्रेजों को पराजित किया गया, सुभाष चंद्र बोस की मृत्यु के संबंध में आज भी विवाद बना हुआ है 18 अगस्त 1945 के बाद सुभाष चंद्र बोस की जीवन मृत्यु का रहस्य बना हुआ है ।आज जरूरत है ऐसे महान क्रांतिकारी और देशभक्त के जीवन को आत्मसात कर देश को आगे बढ़ाने की ।हमें उन वीरों से भी प्रेरणा लेनी चाहिए जो वीर तिरंगा फहराकर आता है या फिर तिरंगे में लिपट कर आता है इस मौके पर भास्कर त्यागी एडवोकेट ने अपने विचार रखते हुए कहा की सुभाष चंद्र बोस जैसी शख्सियत दूसरी नहीं है सुभाष चंद्र बोस ने अपना सर्वस्व देश की आजादी के लिए निछावर कर दिया था। विचार गोष्ठी में शैलेंद्र कुमार मिश्रा एडवोकेट, भास्कर त्यागी एडवोकेट, सैयद आसिफ अली एडवोकेट, देवांग मिश्रा एडवोकेट, अमृतपाल सिंह एडवोकेट, कर्तव्य मिश्रा एडवोकेट ,ममता मिश्रा एडवोकेट, विवेक मिश्रा एडवोकेट आदि लोग उपस्थित थे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया

गदरपुर(उद संवाददाता)। गदरपुर ब्लॉक के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया । प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजीव सरना द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य देश की बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। इसके अलावा समाज में उनके विकास के लिए समान अवसर और सम्मान दिलाने की ओर भी लोगों का ध्यान आकर्षित करना है और सबसे जरूरी बालिकाओं के साथ होने वाले भेदभाव पर बात करना है। राष्ट्रीय राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की महिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रेखा रानी द्वारा यौन और प्रजनन स्वास्थ्य में सुधार, मेंस्ट्रूअल हाइजीन के संबंध में जानकारियां दी गई । डॉ विकास सचान द्वारा बालिकाओं में मानसिक स्वास्थ्य वृद्धि तथा गलत पदार्थों के दुरुपयोग के नियंत्रित करने के संबंध में जानकारियां दी गई । आरकेएसके काउंसलर श्रीमती राधा मिगलनी द्वारा संतुलित भोजन एवं स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया गया । डॉक्टर कल्पना पांडे महिला चिकित्सा अधिकारी आरबीसके द्वारा एनीमिया के संबंध में विशेष जानकारी दी गई। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अंतर्गत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गदरपुर मे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रमके सहयोग से विद्यालय में वाद विवाद प्रतियोगिता ,चित्रकला प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । आरबीएसके टीम के सहयोगियों श्री के एन जोशी एवं आतिश कालरा फार्मासिस्ट द्वारा बच्चों की हिमोग्लोबिन टेस्टिंग की गई। कार्यक्रम में श्रीमती विमला एवं सोनिया वैद्य स्टाफ नर्स द्वारा बालिकाओं की शारीरिक वृद्धि की जानकारी हेतु लंबाई एवं भार की माप की गई एवं जरूरी परामर्श दिया गया।। कार्यक्रम मे प्रभारी प्रधानाचार्य किरन बाला पांडे ,डॉक्टर दीप्ति वर्मा ,श्रीमती माया भोज ,रश्मि आर्य, नंदिनी शर्मा ,कुसुम लता, नीरू जोशी, निधि पनेरु, नीरज वर्मा एवं श्रीमती उर्वशी गंगवार तथा विद्यालय की बालिकाओं का विशेष सहयोग रहा है।



# 26 जनवरी से 20 फरवरी के बीच होगा अखरोट और सेब का वृहद वृक्षारोपण: डा. पंत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी पर्वतीय क्षेत्र में 26 जनवरी से 20 फरवरी तक शीतकालीन वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी एवं पर्यावरण कार्यकर्ता डॉ. आशुतोष पन्त ने बताया कि वह वर्ष 1988 से लगातार पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पेड़ लगाते आ रहे हैं। उनका प्रतिवर्ष 20 हजार से अधिक पेड़ लगाने का लक्ष्य है। जुलाई से सितंबर तक मैदानी क्षेत्रों में कटहल, आंवला, आम, अमरूद, सहजन आदि के पौधे ग्रामीणों को निशुल्क भेंट किए जाते हैं। इसी तरह पर्वतीय क्षेत्रों में 3 हजार अखरोट के पौध ग्रामीणों को भेंट किए जाते रहे हैं। उन्होंने बताया कि लोगों की मांग पर इस बार सेब के पौधे भी भेंट किए जाएंगे। पिछले 35 वर्षों में 4 लाख 5 हजार पौधे लगाए जा चुके हैं। डा. पंत ने बताया कि जल संरक्षण के उद्देश्य से प्रतिवर्ष कम से कम 5 छोटे तालाब बनाने का निश्चय किया है। यह भूमि की उपलब्धता पर भी निर्भर है। वर्ष 2023 में उधम सिंह नगर जिले में जगह भूमि मिल पायी तो बरा, मसीत और



रामनगर वन में प्रयास किया। इस बार भी कोशिश है कि 5 तालाब बनवाये जा सकें। यह सब कार्य वह अपने स्वंय के वेतन से कर रहे थे। अब पेंशन से कर रहा हूं। उनके साथ कुछ मित्र और समाजसेवी शुभचिंतक अपना अमूल्य समय देकर सहयोग करते हैं। जिनका हृदय से आभारी हैं। उन्होंने बताया कि नैनीताल की जिलाधिकारी से नैनी झील के किनारे चेरी और सेब के पौधे लगाने में सहयोग के लिए निवेदन किया था। उनके निर्देश पर नैनीताल नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद से वार्ता हुई। 50 सेब और 50 चेरी के पौधे लगाने का निर्णय हुआ है। कश्मीर से चेरी के पौधे मंगा लिए गए हैं। इसी महीने नगर प्रशासन की मदद से इनका रोपण कर दिया जाएगा। यदि यह प्रयोग सफल रहा तो अगले वर्षों में ऊंचे बर्फबारी वाले क्षेत्रों के लिए चेरी के पौधे बड़ी संख्या में मंगाये जाएंगे। डा. पंत ने सभी से अनुरोध किया है कि अधिक से अधि क पौधे लगाकर बड़े होने तक उनकी देखभाल करें।पर्यावरण को बचाना हम सभी का दायित्व है ताकि आने वाली पीढ़ी शुद्ध हवा और पानी के लिए ना तरसे।

# ब्रिलियंट एकेडमी में नेताजी बोस को किया नमन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 127 वीं जयंती पर ट्रांजिट कैम्प स्थित ब्रिलियंट एकेडमी में समस्त स्टॉफ के साथ कुछ विद्यार्थियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। विद्यालय के प्रबंधक परिमल राय ने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस ने देश की आजादी में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने देश के क्रांतिकारी युवाओं का आव्हान किया था कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। जिससे प्रेरित होकर लाखों युवाओं ने नेता जी द्वारा गठित आजाद हिंद फौज में शामिल होकर देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। श्री राय ने कहा कि नेता जी बोस सहित कई क्रांतिकारियों के संघर्ष की बदौलत देश अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त हो सका। उन्होंने कहा कि आज भी युवा वर्ग को नेता जी के बताये आदर्शों प चलकर देश के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। विद्यालय की प्रधानाचार्या बुलबुल राय ने कहा कि देश को आजाद कराने में नेता जी के योगदान को कभी भी नहीं भुलाया जा सकता है। वह हमेशा युवा वर्ग के प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को नशे से दूर रहकर दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित



करना होगा। शीतलहर के कारण प्रशासन द्वारा अवकाश घोषित किये जाने के बावजूद भी कई विद्यार्थी अपना देश प्रेम प्रदर्शित करते हुए नेता जी सुभाष जयंती पर विद्यालय पहुंचे और उन्होंने नेता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर दुर्जन लाल, गोपाल कृष्ण, गायत्री, अनुपमा, राधिका, सुमन, रोहित , राजकुमार, आरती देवी, दीपक वर्मा, हेमा गंगवार, प्रियंका पाठक, क्रांति देवी, पुष्पा गुप्ता, दीपा राय, साक्षी, करिश्मा सक्सेना, अंशिका चौधरी, रूपा राठौर, अशोक कुमार, ज्योति सिंह, कविता, शिवांगी, उर्मिला, नंदनी, शालिनी कश्यप आदि मौजूद थे।

# सेवा दिवस के रूप में मनाया बाला साहेब का जन्मदिन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शिवसेना के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बाला साहेब ठाकरे की जयंती को सेवा दिवस के रूप में धूम ध ाम से मनाया। शिव सैनिको ने बाला साहेब ठाकरे की 97 वी व नेता जी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए महिला चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरित किये गये एवं प्राइमरी पाठशाला चौक बाजार स्कूल में स्कूली बच्चों को फल व केक पेस्ट्री वितरण किए। बच्चों को नेता जी सुभाष चंद्र बोस और बाला साहब ठाकरे के विषय में जानकारी दी। शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेंद्र नागर ने बताया कि स्व. बाला साहेब ठाकरे हिंदुत्व के साथ-साथ समाज सुधारक के रूप में भी अपनी ख्याति रखते थे। नेता जी सुभाष चंद्र बोस का देश की आजादी में बहुत बड़ा योगदान रहा है। हमें इन दोनों विभूतियों को याद रखना चाहिए। सेवा



दिवस के इस कार्यक्रम में कुमाऊं मंडल अध्यक्ष हेमंत कुमार, जिला अध्यक्ष नैनीताल त्रिलोक सिंह, महानगर उपाध्यक्ष प्रमोद आर्य, मीडिया प्रभारी अभिषेक कश्यप, भीमताल विधानसभा प्रभारी मुकेश बिष्ट, संगठन मंत्री सुशील गुप्ता, नगर सचिव मनोज अग्रवाल, विपिन पाल, नईम, विद्यालय के प्रध ानाचार्य सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

# नेतीजी बोस ने जगायी आजादी की अलख: शिव

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। बसंतीपुर में विधायक शिव अरोरा ने आजाद हिंद फौज के नायक आजादी के आंदोलन के समय देश मे अग्रणी भूमिका निभाने वाले करोड़ो भारतीयों में देश की आजादी की अलख जगाने वाले नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर सुभाष पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके अदम्य साहस और बलिदान को याद किया , विधायक शिव अरोरा बोले नेतीजी सुभाष चंद्र बोस वो नारा तुम मुझे खून दो मैं तुमको आजादी दूँगा यह नारा युवाओं में आजादी के आंदोलन में क्रांतिकारी परिवर्तन लेने जैसा था।आज पूरा देश नेताजी को याद करते हुए उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मना रहा है, विधायक बोले उनकी प्रेरणा से आज हम समाज हित जनता के हित मे सदैव तत्पर रहते हैं, आजादी के आंदोलन में नेतीजी का बलिदान कभी भुलाया नही जा सकता। इस दौरान भाजपा नेता सुरेश परिहार,जिला महामंत्री अमित नारंग, जगदीश विश्वास, आयुष चिलाना, नरेश तपाली, प्रदीप मण्डल, उत्तम मण्डल,गोकुल मण्डल, इंद्रपाल, राजेंद्र गुप्ता, अमित शाना व अन्य लोग मौजूद रहे।



# सुभाष जयंती पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता) ।नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती सुभाष पार्क सुभाष नगर में धूमधाम से आवश्यक मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुमित हृदयेश थे। कार्यक्रम के प्रथम चरण में स्कूल के बच्चों के द्वारा ष्मतदाता जागरूकताष पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कक्षा 6 से लेकर 12 तक बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय आईतथा तृतीय आए बच्चों को विधायक द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। जिसमे मॉडर्न पब्लिक स्कूल गौलापार तथा सी एम पब्लिक स्कूल सुभाष नगर के बच्चों ने सुन्दर व मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सभी वक्ताओं ने सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान मुख्य रूप से समिति के संस्थापक दीप चंद्र पाठक, अध्यक्ष लवेंद्र सिंह चिलवाल, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, पूर्व पार्षद नरेंद्र जीत



सिंह, सुरेश अधिकारी (नगर विकास अधिकारी), आईडी पंत (परियोजना अधिकारी), सुरेश भट्ट, श्रीमती दीपा बिष्ट, गिरीश चन्द्र उप्रेती, हेमचन्द्र जोशी, अरुण कुमार पाठक, गोपाल दत्त जोशी, डा. हरभजन सिंह, मनोज साह, श्रीमती पूनम दूबे, मधुकर बेनोला, सुशील भट्ट , करुणा शंकर कांडपाल, बी एल आर्य, उंकीनांत ठंदवस, दिनेश तिवारी, राजेन्द्र उप्रेती, कानू सुयाल, संजय साहनी, राजेंद्र तिवारी, एचएस जीना, एमएम वर्मा, विपिन जोशी, लता डंगवाल एक्स श्रीमती ए नबी पूजापाठक, श्रीमती चंद्रा तिवारी, श्रीमान रामा जोशी, श्रीमती शीला जोशीप, श्रीमती लीला जोशी, हिमांशु जोशी, राजू चौहान व गजेंद्र खत्री आदि उपस्थित थे।

# चिकित्सा शिविर में सैकड़ों लोगों की हुई जांच

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काया आयुर्वेद हॉस्पिटल एवं रिचर्च सेंटर भुजियाघाट मे निशुल्क चिकित्सा शिविर मे सैकड़ों रोगियों की जांच की गई। शिविर का शुभारम्भ कॉलेज के एमडी अशोक पाल ने किया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ विनय खुल्लर ने बताया कि शिविर मे शुगर, ब्लड प्रेशर, न्यूरोपेथी, हृदय जाँच ईसीजी की जांच के साथ सभी को दवाईया दी गई। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. विनय खुल्लर, डॉ. प्रिय रंज्जन तिवारी, डॉ. रौनक मुंशी, डॉ. शिवम् कटियार, डॉ. प्रीति तिवारी, डॉ. हरिशंकर, डॉ. अंजलि रावत, डॉ. विशाल, डॉ. अमर शिंदे, डॉ. विनीता, डॉ. सुनीता ने नि:शुल्क परामर्श दिया। हॉस्पिटल एमडी अशोक पाल ने कहा



ऐसे शिविर प्रति माह लगते रहेंगे। शिविर मे सुंदरम भंडारी, प्रभा रेखाड़ी, साक्षी, मुस्कान, हेमा, अनम, अमित, नीलम, अनवर मसी, हितैक्षी सोनाली, महिमा, दिनेश सनवाल, नीरज दुमका आदि ने शिविर को सफल करने मे सहयोग किया।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया माल्यार्पण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाई गई स इस से पूर्व संजय नगर खेड़ा में स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की मूर्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया, और उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों द्वारा राष्ट्रीय गान और वंदे मातरम गया गया ।उसके पश्चात सभी कांग्रेस जनों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया, और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए स इस अवसर पर जब तक सूरज चांद रहेगा, नेताजी का नाम रहेगा, नेताजी सुभाष चंद्र बोस अमर रहे, का उद्घोष किया गया। इस दौरान उपस्थित प्रमुख लोगों में उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और 66 विध ानसभा रुद्रपुर से कांग्रेस की प्रत्याशी रही, पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा, महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश तनेजा, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली,महानगर यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, महानगर कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामप्रसाद, रामाधारी गंगवार,मानस वैरागी, पूर्व पार्षद विकास मलिक, उत्तम चौधरी, सुनील विश्वास, आसीत वाला, आनंद शर्मा, परिमल विश्वास, रेंद्र विश्वास, सुकुमार विश्वास,भूपति मलिक, देवानंद स्वर्णकार, शिवपद मंडल, महेश हालदार, निशिकांत राय, मानदार, दीपांकर बावली, रणजीत तिवारी, शिवकुमार राय, रवि राय, राजू मलिक, डॉक्टर अमित राय, डॉक्टर निपुण विश्वास, सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती के अवसर पर शहर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए स इस परिपेक्ष में ट्रांजिट कैंप के दुर्गा मंदिर प्रांगण में भी नव जागृति क्लब सोसाइटी द्वारा सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया,सांस्कृतिक कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। उसके पश्चात विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया स कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व पालिका अध्यक्ष, और प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और श्रीमती मीना शर्मा ने भी प्रतिभाग किया, और उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया। यहां कार्यक्रम आयोजकों द्वारा श्रीमती शर्मा को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। बाद में कार्यक्रम अध्यक्ष तरुण दत्ता और सचिव दिलीप अधिकारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।





# रुद्रपुर के रामभक्तों ने किए रामलला के अलौकिक दर्शन

## अयोध्या नगरी पहुंचकर सुशील गाबा और जसविंदर खरबंदा ने पुष्पेंद्र संग किए प्रभु श्री राम लाल के विग्रह के दिव्य दर्शन





रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अयोध्या में प्रभु श्री राम के नवनिर्मित मंदिर में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा पूर्ण हो चुकी है। वहीं प्राण प्रतिष्ठा के बाद आम श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए अयोध्या धाम में देशभर से पहुंच रहे लाखों रामभक्तों का तांता लगा हुआ है। उत्तराखंड के रामभक्त रुद्रपुर से अयोध्या नगरी 475 किलोमीटर की यात्रा पर साइकिल पर निकले समाजसेवी जसविंदर सिंह खरबंदा एवं पैदल पदयात्रा कर अयोध्या धाम पहुंचे समाज सेवी सुशील गाबा को आज प्रभु श्री रामचंद्र जी के भव्य, दिव्य एवं अलौकिक दर्शन करने का सौभाग्य मिला। रुद्रपुर से अयोध्या धाम की 475 किलोमीटर की यात्रा को समाजसेवी जसविंदर सिंह खरबंदा एवं उनके सुपुत्र पुष्पेंद्र सिंह खरबंदा ने साइकिल से तय किया तो वही अपने जुनून और सेवाभाव के लिए सुप्रसिद्ध समाजसेवी सुशील गाबा ने पैदल ही यह सफर तय किया। भारी ठंड कौर और लंबे सफर में भी प्रभु श्री राम का नाम जपते हुए तीनों समाजसेवियों ने विगत 20 जनवरी को अयोध्या में एक साथ कदम रखा और आज भी एक साथ ही प्रभु श्री राम जी के दर्शन करने के लिए श्री हनुमानगढ़ से रामलला जन्मभूमि हेतु प्रस्थान किया। श्री राम जन्मभूमि में तीनों ही समाज सेवाओं को प्रभु श्री रामचंद्र जी के पावन पवित्र दर्शन हुए। यहां पर दोनों समाज सेवियों ने समस्त देश, क्षेत्र और अपने परिवारों की सुख समृद्धि की कामना करते हुए प्रभु जी के चरणों में अपना शीश नवाया। खरबंदा एवम गाबा दोनों समाजसेवियों ने प्रभु श्री रामचंद्र जी के दर्शनों एवं यात्रा के सकुशल संपूर्ण होने पर इसे प्रभु श्री रामचंद्र जी की अपार कृपा का फल बताते हुए अपना सौभाग्य बताया है।

# विभिन्न मंदिरों में धूमधाम से मनाया दीपोत्सव





रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर पूरे शहर में लोग हर्षित और उल्लासित नजर आये। जगह-जगह लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रभु रामलला को मंदिर बनने पर शुभकामनाएं दी। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक और राम भक्त भारत भूषण चुघ ने अपने सहयोगियों के साथ शहर के विभिन्न मंदिरों में दीपोत्सव किया और सदियों से हिंदुओं की आस्था के प्रतीक अयोध्या धाम में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की बधाइयां दी ।उन्होंने कहा कि गत दिवस अयोध्या धाम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भव्य और दिव्य रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का महोत्सव मनाया गया ।जहां प्रभु राम की बाल रूप की आलोकिक प्रतिमा विराजमान की गई ।जैसे ही प्रतिमा के दर्शन किये गया तो मानो पूरा देश राममय हो गया और चारों तरफ जय श्री राम के नारो से गुंजायमान हो गया ।उन्होंने कहा कि दिव्य व भव्य मंदिर देश के करोड़ों लोगों की आस्था का प्रतीक था ।जिसे आज सभी ने अपनी आंखों के सामने साकार होते हुए देखा है। उन्होंने कहा कि ऐसा पल सादियों के बाद आया है और हम सब लोगों के लिए यह गौरव का पल है कि हम सब लोग इस पल के साक्षी बने हैं। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत दुर्गा मंदिर, श्री चामुंडा मंदिर, राजेंद्र कैंप ,विजयलक्ष्मी एनक्लेव, ओमेक्स, श्री सनातन धर्म मंदिर, छठ घाट पूजा स्थल रविंद्र नगर पहुंचकर विभिन्न मंदिरों में दीप जलाए। उन्होंने कहा कि यह दिवाली जैसा पर्व है और पूरा शहर इन दिनों से जगमगाता हुआ नजर आ रहा है। इस दौरान प्रति धार ,किशन नारंग ,संजीव गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता ,विकास मंडल ,आशीष छावड़ा, भावेश आहूजा ,नीतीश धार ,भास्कर दास, चंदन भट्ट ,रेनू अरोरा, राजकोली, सनी पुनियानी, शिव कुमार शिवु, सनी पासवान, दीपक राणा ,विपिन कोहली, आशीष श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

# प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ के डॉ. राजीव चौहान बने सचिव



काशीपुर(उद संवाददाता)।। प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ उत्तराखंड शाखा उधम सिंह नगर की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से डॉक्टर राजीव चौहान अस्थि रोग विशेषज्ञ को अध्यक्ष तथा डॉ राजेश आर्य अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी उधम सिंह नगर को निर्विरोध सचिव निर्वाचित किया गया। कार्यकारिणी के सदस्य उपाध्यक्ष मुख्यालय डॉक्टर एसपी सिंह, उपाध्यक्ष ग्रामीण क्षेत्र डॉक्टर अब्बासघ उपाध्यक्ष महिला डॉक्टर सतवंत कौर घउपाध्यक्ष (डेंटल) डॉक्टर शालिनी कपूर , कोषाध्यक्ष डॉ अमरजीत सिंह साहनी घउपसचिव डॉक्टर चंद्रशेखर तोलियाघ मीडिया प्रभारी डॉक्टर गगनदीप मिश्राघ केंद्रीय प्रतिनिधि डॉक्टर एमके तिवारीघ संप्रेक्षक डॉक्टर डॉ पी डी गुप्ता जी को सर्व समिति से निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर मनोज शर्मा मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ राजेश सिन्हा प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय रुद्रपुर उधम सिंह नगर, डॉ प्रवीण श्रीवास्तव पूर्व शाखा अध्यक्ष, डॉ हरेंद्र मलिक अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ संजीव गोस्वामी पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष, डॉ एच सी त्रिपाठी चिकित्सा अधीक्षक किच्छा, डॉ आर डी भट्ट चुनाव अधिकारी, डॉ नागेंद्र चौधरी पर्यवेक्षक, डॉक्टर यदुराज भट्ट पीठासीन अधिकारीघ डॉक्टर डीके त्रिपाठी डॉक्टर पंकज माथुर घडॉक्टर मधु माथुर घडॉक्टर संजीव सरना चिकित्सा अधीक्षक सी एच सी गदरपुर ,मुख्य चिकित्सा अधिक्षक डॉक्टर खेमपाल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर पी डी गुप्ता, डॉक्टर तनुजा सिन्हा, डॉक्टर अभिलाष पांडे ,डॉक्टर मनु पांडे ,डॉक्टर अमरजीत साहनी, डॉक्टर हरीश पंत, डॉक्टर अंजनी कुमार ,डॉक्टर अंजु गिरी घडॉक्टर डीपी सिंह डॉक्टर कमलजीत जीत आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर नई कार्यकारणी ने चिकित्सा अधिकारी की समस्याओं के यथा संभव निराकरण का प्रयास करने के आश्वासन दिया ।

# तनुजा डोभाल को अंग्रेजी विषय में मिली पीएचडी की उपाधि

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। स.भ.सिं. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर के अंग्रेजी विषय की शोधछात्रा और श्रीमती अर्चना कटोच और स्व. श्री अनूप चंद कटोच की सुपुत्री तनुजा डोभाल को कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा आयोजित अट्ठारहवें दीक्षांत समारोह में अंग्रेजी विषय में पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई। डॉ. तनुजा ने अंग्रेजी विभाग के डॉ. मनोज कुमार पांडेय के कुशल निर्देशन में- शिफ्टिंग पैराडाइम इन नरेशन : ए कॉम्प्रेटिव स्टडी ऑफ गैब्रियल गर्सिया मार्केज एंड सलमान रुश्दी- विषय पर अपना शोधकार्य पूरा किया। डॉ. तनुजा की सफलता पर डॉ. शर्मिला सक्सेना, डॉ. नाजिश खान, डॉ. सावित्री मठपाल, डॉ. आशीष कुमार गुप्ता, डॉ. शंभुदत्त पांडे शैलेय, रूमा शाह, डॉ. रवीश त्रिपाठी, डॉ. एमसी पांडेय, डॉ. सुभाष वर्मा, प्रीति रुहेला, ममता, डॉ. खेमकरण सोमन, श्री मिहिर प्रकाश और श्री ओमप्रकाश ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला प्रभारी घोषित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।प्रान्तीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा एवं प्रदेश महामंत्री प्रकाश मिश्रा ने कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गोयल व कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल की सलाह पर सभी उन्नीस जिलों के जिला प्रभारियों की घोषणा कर दी है। प्रदेश कार्यकारिणी के जिन वरिष्ठ पदाधिकारियों को इस सूची में दायित्व दिया गया है उन्हें अपने अपने दायित्व वाले जिले की कार्यकारिणी के साथ मिलकर संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करना होगा। श्री वर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष में दो बार जिला कार्यकारिणी बैठक आवश्यक रूप से करवानी होगी। जिला बैठक की पूरी जिम्मेदारी प्रभारियों की होगी। जिन पदाधिकारियों को जिला प्रभारी बनाया गया है उनमें शंकर लाल वर्मा को पिथौरागढ़, महेश जोशी को चंपावत, पवन कुमार जोशी बागेश्वर, हरीश सोनी अल्मोड़ा, किशन चंद्र गुरुरानी रानीखेत, गुलशन छाबड़ा नैनीताल, अनिल अग्रवाल ऊधम सिंह नगर, अशोक छाबड़ा काशीपुर, प्रमोद गोयल रुड़की, विजय शर्मा हरिद्वार, अब्दुल अतीक ऋषिकेश, संजय गर्ग पौड़ी, कृष्ण कुमार सिंघल टिहरी, दिनेश डोभाल यमुना घाटी, उपेंद्र असवाल उत्तरकाशी, राकेश कुमार डिमरी श्रीनगर, दिगपाल सिंह नेगी रुद्रप्रयाग, माधव प्रसाद सेमवाल चमोली तथा राजेश बंसल को जनपद देहरादून का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# 125 किलो लड्डुओं का लगाया भोग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अयोध्या में श्री रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने के उपलक्ष में श्री राम मंदिर प्रबंधन समिति, रामलीला मोहल्ला द्वारा प्राचीन राम मंदिर में 125 किलो लड्डुओं का भोग लगाया गया। मंदिर में पूजा अर्चना, आरती के बाद पूरे शहर में मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल पप्पी, महामंत्री अमरनाथ जोशी और कोषाध्यक्ष रिशु अग्रवाल में सभी राम भक्तों को शुभकामनाएं दी।



# डॉ.मनोज दास की गाइडेंस एन्ड कॉन्सलिंग पुस्तक प्रकाशित

शक्तिफार्म। गुरुग्राम निवासी डॉ मनोज दास ने उत्तरांचल दर्पण के साथ अपने साक्षातकार मे बताया कि यह पाठ्य-पुस्तक शिक्षकों के पाठ्यक्रम बी.टी.सी., डी.एल.एड.,बी.एड., एम. एड. एवं उच्च शिक्षा के विद्यार्थियों एवं प्रशिक्षणार्थियों के अध्ययन के लिए लेखन करके प्रकाशित किया गया। जो बहुत ही उपयोगी एवं महत्वपूर्ण है। यह पुस्तक भारत सरकार के प्रमाणित उपक्रमआई.एस.बी.एन नंबर द्वारा प्रमाणित है। यह पुस्तक भारत के विभिन्न विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय में अध्यापक शिक्षा के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मोड पर उपलब्ध होगी ।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना'

बढ़ती जरूरतों और सीमित संसाधनों के बीच प्राथमिकताओं का निर्धारण वक्त का तकाजा है, ताकि दुनिया में आम जीवन को लेकर एक संतुलन कायम रहे। मुश्किल तब आती है जब किसी मामले में निर्भरता की वजह से कई तरह की समस्याएं खड़ी होने लगती हैं। इस संदर्भ में देश की ऊर्जा जरूरतों और उपलब्ध संसाधनों पर गौर किया जा सकता है कि किस तरह पेट्रोलियम उत्पाद, कोयला, गैस आदि आज ऊर्जा के मुख्य स्रोत हैं। मगर यह छिपा नहीं है कि इनकी लगातार घटती उपलब्धता और बढ़ती कीमत की वजह से आज इस मामले में भविष्य को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं और विकल्प की राह निकाली जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को प्रधानमंत्री ने एक नई योजना की घोषणा की, जिसके तहत केंद्र सरकार देश भर में एक करोड़ घरों की छतों पर सौर पैनल लगवाएगी। 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' का लक्ष्य अगर जमीन पर उतरा तो इससे गरीब और मध्यवर्ग के बिजली खर्च में उल्लेखनीय बचत होगी। साथ ही एक बड़ा बदलाव देश की ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति में आएगा और भारत के लिए इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने की राह खुलेगी। दरअसल, प्राकृतिक ऊर्जा स्रोतों की आसान उपलब्धता के बावजूद इस मामले में ज्यादा प्रगति इसलिए नहीं हो पाई कि लोगों के बीच सौर पैनल या ऐसे अन्य संसाधनों को लेकर पर्याप्त जागरूकता का अभाव रहा है। इस वजह से लोग कई स्तरों पर अपनी रोजमर्रा की जरूरतों को आसान बनाने के लिए या तो ऊर्जा की कमी या मुश्किल का सामना करते हैं या फिर उनके लिए ऊंची कीमत चुकाते हैं। जबकि भारत में धूप और रोशनी की असीमित उपलब्धता में अगर सौर ऊर्जा जैसे विकल्प आजमाए जाएं तो इस क्षेत्र में बड़ा बदलाव हो सकता है। आमतौर पर जो विकल्प सामने होते हैं, लोग उसी दायरे में अपना जीवन-बसर करते रहते हैं, भले ही खोजने पर उससे आसान और सस्ते संसाधन मिल जाएं। पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों के मुकाबले सौर ऊर्जा को लेकर भी यही स्थिति है। कम या मामूली खर्च में बिजली मिलने का विकल्प होने के बावजूद इस तक आम लोगों की पहुंच आमतौर पर नहीं हो पाती है। इसलिए 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' के लक्ष्य की अहमियत समझी जा सकती है। मौजूदा दुनिया में ऊर्जा की बढ़ती खपत और उपलब्धता की सीमा के लिहाज से देखा जाए तो सौर ऊर्जा आने वाले वक्त में इस क्षेत्र में एक अनिवार्य विकल्प होगा। जहां तक भारत का सवाल है, अगले एक दशक में यहां ऊर्जा की मांग में भारी बढ़ोतरी हो सकती है और इसकी पूर्ति में सौर ऊर्जा की बड़ी भूमिका होगी। फिलहाल देश में तापीय ऊर्जा ही मुख्य स्रोत है, जिसकी निर्भरता जीवाश्म ईंधन पर है। ऐसे अनेक आकलन सामने आ चुके हैं, जिनके मुताबिक दुनिया में बढ़ते तापमान और जलवायु संकट के लिए जिम्मेदार कार्बन डाइआक्साइड और अन्य दूषित तत्त्व का मुख्य स्रोत जीवाश्म ईंधन हैं। यों सरकारें सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कई प्रोत्साहन कार्यक्रम चलाती रही हैं। मगर जरूरत इस बात की है कि आम लोगों के बीच अक्षय ऊर्जा स्रोतों को लेकर जागरूकता पैदा हो और इसकी उपलब्धता को आसान और रियायती बनाया जाए। यह जगजाहिर है कि विकास की होड़ में प्राकृतिक संसाधनों की कैसी बर्बादी हुई है और इसका असर पृथ्वी और समूचे जलवायु पर क्या पड़ रहा है। इस लिहाज से भी अगर सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया जाता है, तो इसे भविष्य की तैयारी के तौर पर देखा जा सकता है।

# स्व.पिता की स्मृति में गरीबों को बांटे कंबल



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रम्पुरा संत कबीर द्वारा पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व समाजसेवी संजय ठुकराल ने अपने पिता स्व. खान चंद ठुकराल की स्मृति में गरीब एवं जरूरत मंद 100 नागरिकों को कम्बल भेंट किये। इस दौरान सभी ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि अपने बुजुर्गों से मिली जनसेवा की प्रेरणा और लोगों के अपार आशीर्वाद से आज इस मुकाम पर हूँ उन्होंने कहा कि ईश्वर इसी तरह सामर्थ और शक्ति देता रहे ताकि हम अपने सेवाकार्यो में प्रतिबद्ध रह सके। पूर्व विधायक ठुकराल ने आह्वान करते हुए कहा कि अन्य सभी सामाजिक संस्थाओं को भी अपने आसपास रह रहे जरूरत मंद लोगों को चिन्हित कर गर्म कपड़े आदि वितरित करने चाहिये। उन्होंने ऐसे सेवाकार्यों में जुटी संस्थाओं की प्रशंसा की एवं उन्हें हरसंभव मदद करने की अपील समृद्ध परिवारों से की। इस दौरान समाजसेवी हिम्मत राम कोली ने कहा कि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का पूर्ण परिवार विगत कई वर्षों से सेवा क्षेत्र में लगा हुआ है उनके कार्यो से सभी को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। इस दौरान ललित बिष्ट नाथूलाल कोली विशाल मेहरा बंटी कोली गगन ग्रोवर पंकज कोली सहित तमाम नागरिक गण उपस्थित थे।

# दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप का समापन

किच्छा(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय किच्छा में उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड की देवभूमि उद्यमिता योजना के दो दिवसीय स्टार्ट अप बूट कैंप का समापन हो गया। यह योजना भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के सहयोग से चलायी जा रही हैद्य स्टार्टअप बूट कैंप में 262 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। समापन कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सूरजमल विश्वविद्यालय किच्छा के डॉ पुलकित अग्रवाल ने नए स्टार्टअप के लिए व्यावसायिक और कानूनी प्रावधानों को जानना जरुरी है द्य भारत स्टार्टअप और यूनिकार्न के क्षेत्र में तरक्की करता जा रहा है द्य नए उद्यमी सफल उद्यमियों के इतिहास को पढ़ें। सरकार की यह योजना समय की मांग के अनुरूप है। इस योजना से स्थानीय युवा एवं वंचित वर्ग लाभ प्राप्त कर सकेगा। उद्यमिता एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। विद्यार्थियों को अपने समय को खुले दिमाग और खुली आँखों से देखने की आदत डालनी होगी। रोजगार की दृष्टि से उद्यमिता एक मजबूत क्षेत्र है कार्यक्रम के विशेष अतिथि वित्तीय सलाहकार अरविंद खुराना ने कहा कि शिक्षित समाज के बीच वित्तीय निरक्षरता फैली हुई है। बाजार की नीतियों को समझकर ही निवेश किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में डॉ इंदु कपूर ने विद्यार्थियों ने नवाचार. उत्पादित मूल्य. बिजनेस आयडिया के विस्तार क्षेत्र. सामाजिक स्वीकार्यता तथा बाजार स्वीकार्यता इन पांच आधारों पर बिजनेस माडल के आधारों पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों के बिजनस आयडिया का मूल्यांकन डॉ पुलकित अग्रवाल तथा महाविद्यालयी नोडल डॉ प्रकाशचंद भट्ट द्वारा किया गया। डॉ जसकरन सिंह ने किच्छा के आसपास स्टार्टअप विचार प्रस्तुत किए कार्यवाहक प्राचार्य डॉ नरेश कुमार ने कहा कि ई डी आई आई के सहयोग से उद्यमिता की दिशा में हमारे विद्यार्थियों ने पहला कदम रखा है। उनके मार्गदर्शन प्रशिक्षण में उत्तराखंड में उद्यमिता का प्रसार हो सकेगा। देवभूमि उद्यमिता योजना का बारह दिवसीय ईडीपी फरवरी माह में आयोजित किया जाएगा। समापन समारोह में पीटीए सदस्य वीर बहादुर डॉ उमराव सिंह, डॉ हर्षिता तिवारी, श्री शुभम गंगवार, लवली पांडेय, आनन्द सिंह, गौतम कुमार के साथ हीसूरजमल अग्रवाल प्राइवेट कन्या महाविद्यालय, किच्छा से डॉ इंदू कपूर, सुरभि वार्ष्णेय, नेहा पुष्पक, सलमा खातून, जानकी जोशी, गौरव जोशी तथा सूरजमल विश्वविद्यालय, किच्छा से फैकल्टी मेम्बर डॉ कमला भाकुनी एवम डॉ तनुज बोहरा उपस्थित रहे।




# उत्तरांचल पंजाबी महासभा ने किया नगर कीर्तन का भव्य स्वागत

खटीमा(उद संवाददाता)। उत्तरांचल पंजाबी महसभा द्वार आज नगर कीर्तन का स्वागत किया गाया। पंजाबी महासभा अध्यक्ष विजय अरोड़ा महीला पंजाबी महसभा अद्याक्ष सोनिया सुनेजा, जितिन ग्रोवर पदेश सचिव मनोज वाधवा, हरीश बत्रा मनोज गुलाटी सचिन विज मनोज छाबड़ा, अमरजीत सिंह अमन अरेरा दीपक मरवाहा हनी गुंबर मोनिक बत्रा कुलदीप गंभीर मनप्रीत गंभीर, जितेंद्र बत्रा संतोष मल्होत्रा सचिन डोरा दीप्ति ग्रोवर किरन अरोरा जितेंद्र परुथी सुमित गुंबर आदि उपस्थित रहे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर कीर्तन में उपस्थित पांच प्यारों का माला पहनकर स्वागत किया, स्वागत करने वालों में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी रामू भैया किसान युक्त उपाध्यक्ष सरदार राजपाल सिंह नगर महामंत्री मनोज वाधवा जिला महामंत्री सतीश गोयल कार्यकारी सदस्य राहुल सक्सेना आलोक गोयल अवदेश गोयल सुशांत वर्मा उपस्थित थे।





# मलिकार्जुन खड़गे के उत्तराखण्ड आगमन पर तैयारियों में जुटें सभी कार्यकर्ता : आर्य

बाजपुर(उद संवाददाता)। बाजपुर के सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस में आने 28 जनवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे के प्रथम बार उत्तराखण्ड आगमन पर बूथ लेबल पर तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओ के साथ नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने मीटिंग आयोजित की। जिसमे सर्वप्रथम नेतापक्ष आर्य ने भगवान श्रीराम की प्रतिमा के समक्ष पुष्पर्जित किये जिसके पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत की गई।पार्टी कार्यकर्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य एवम् नैनीताल पूर्व विधायक संजीव आर्य का फूलमालाओ से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कार्यक्रम को लेकर तैयारियो के विषय में चर्चा की गई। इस दौरान यशपाल आर्य ने कहा कि भाजपा सरकार जनता को मुद्दों को भटकाने का का कार्य कर रही है, भगवान श्री राम के नाम का लोकसभा के चुनाव में इस्तमाल करना चाहती है, राजनीति करना चाहती है। इस दौरान भगवान राम को उन्होंने अपना आराध्य एवम् छोटी उम्र से ही भगवान राम का अनन्य भक्त भी बताया। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अधूरे बने राम मंदिर जिसकी आज प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है बेहतर होता कि इसका निर्माण रामनवमी तक पूरा हो जाता जिसके बाद उसकी प्राण प्रतिष्ठा की जाती।



# प्रदेश में 18 से 19 आयु वर्ग के 129062 मतदाता बढ़े

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में मतदाताओं की संख्या 83 लाख 36 हजार 780 पहुंच गई है। इस बार 99,922 मतदाता बढ़े हैं। जिसमें 18 से 19 आयु वर्ग के 129062 मतदाता हैं। जो पहली बार मतदान करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. वी षणमुगम ने अंतिम मतदाता सूची जारी करते हुए कहा, राज्य में 11729 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। प्रदेश में सबसे अधिक देहरादून जिले में 15 लाख 30 हजार 939 मतदाता हैं। जबकि रुद्रप्रयाग जिले में सबसे कम एक लाख 94342 मतदाता हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा, मतदाता बनने की प्रक्रिया चलती रहेगी। जो छूट गए हैं वे मतदाता बनने के लिए बीएलओ, एसडीएम, डीएम कार्यालय या ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ट्रांसजेंडर को बैठकों के माध्यम से मतदाता बनने के लिए जागरूक किया जाता है। उनको भी आगे आना चाहिए। प्रदेश में 80 साल से अधिक आयु वर्ग के 154259 मतदाता हैं। जबकि 70 से 79 आयु वर्ग के 414114, 60 से 69 आयुवर्ग के 750563, 50 से 59 आयुवर्ग के 1186686, 40 से 49 आयु वर्ग के 1704523, 30 से 39 आयु वर्ग के 2244926, 20 से 29 आयु वर्ग के 1659290 मतदाता हैं। प्रदेश में 100 साल से अधिक आयुवर्ग में महिलाओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक है। सौ साल से अधिक के 1411 मतदाताओं में 853 महिलाएं और 558 पुरुष हैं। जबकि दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 69974 है।प्रदेश के तीन जिलों रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और चंपावत में एक भी ट्रांसजेंडर मतदाता नहीं है। सबसे अधिक 138 ट्रांसजेंडर मतदाता हरिद्वार जिले में हैं। जबकि उत्तरकाशी में दो, चमोली में चार, टिहरी में तीन, देहरादून में 77, पौड़ी में 9, पिथौरागढ़ में दो, अल्मोड़ा में पांच, नैनीताल में आठ एवं ऊधमसिंह नगर में 38 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं।प्रदेश में रुद्रप्रयाग एकमात्र ऐसा जिला है, जहां महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक है। रुद्रप्रयाग जिले में 194342 मतदाताओं में से 97767 महिला और 96575 पुरुष मतदाता हैं। जबकि अन्य जिलों में महिलाओं से पुरुष मतदाताओं की संख्या अधिक है।

# पवलगढ़ कंजर्वेशन रिजर्व का नाम बदल कर सीतावनी कंजर्वेशन रिजर्व रखा गया

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर पर उत्तराखण्ड के पवलगढ़ कंजर्वेशन रिजर्व का नाम बदल कर सीतावनी कंजर्वेशन रिजर्व रखा गया है। देश में यह पहली बार किसी संरक्षित क्षेत्र का नाम माँ सीता के नाम पर रखा गया है। सीतावनी कंजर्वेशन रिजर्व में माँ सीता जी का पौराणिक मंदिर और महर्षि वाल्मीकि आश्रम है। जिसकी देखरेख भारतीय पुरातत्व विभाग द्वारा की जाती है तथा यहां जाने की अनुमति वन विभाग द्वारा दी जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु राम का देवभूमि उत्तराखण्ड से गहरा संबंध रहा है इसी क्रम में पवलगढ़ कंजर्वेशन रिजर्व का नाम बदल कर अब सीतावनी किया गया है। उन्होंने बताया कि इस बारे में बच्चों व स्थानीय लोगों ने पत्र लिख कर अनुरोध भी किया था जिसके बाद सरकार ने ये फैसला लिया है।

# सेपक टाकरा पुरुष महिला वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित

नैनीताल( उद संवाददाता)। कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय सेपक टाकरा पुरुष/महिला वर्ग प्रतियोगिता 2023 -24 का आयोजन दिनाक 22 एवम 23 जनवरी को क्रीड़ा विभाग कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्र्स स्टेडियम रुद्रपुर उधम सिंह नगर में कराया गया। प्रतियोगिता के द्वितीय दिन महिला वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में महाविद्यालय रुद्रपुर, हल्द्वानी, तथा नैनीताल परिसर के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का प्रथम मैच महाविद्यालय रुद्रपुर तथा नैनीताल परिसर के मध्य खेला गया इस मैच में महाविद्यालय रुद्रपुर ने नैनीताल परिसर को रेगू इवेंट में 02/00 से पराजित किया तथा डबल्स इवेंट में भी रुद्रपुर ने नैनीताल परिसर को 02/00 से पराजित कर फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला महाविद्यालय रुद्रपुर तथा महाविद्यालय हल्द्वानी के मध्य खेला गया। इस रोमांचक एवम टक्कर के मुकाबले में महाविद्यालय हल्द्वानी ने महाविद्यालय रुद्रपुर को रेगू इवेंट्स में 02/00 से तथा डबल्स इवेंट्स में 02/00 पराजित कर फाइनल अपने नाम किया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. राहुल चंद्रा, महासचिव, मिनी गोल्फ एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड ने विजेता तथा उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा ने बताया इस प्रतियोगिता में विश्व विद्यालय की टीम का चयन किया जाएगा जो अखिल भारतीय अंतर विश्व विद्यालय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। प्रतियोगिता में निर्णायक कि भूमिका में खेल विभाग के प्रशिक्षक गौरव जोशी,प्रगति दुमका एवं हल्द्वानी के अंकुश रौतेला, और मृणालिनी त्रिपाठी रहे। उक्त अवसर पर डॉ राजेश कुमार, डॉ सुरेंद्र सिंह,सुनील कुमार, गौरव बिनवाल, लोकेश पांडेय, रघुवीर विर्क, योगेश पांडेय, चेतन भट्ट, इबरान, राजेश आदि उपस्थित रहे।




# लामाचौड़ रिपोर्टिंग पुलिस चौकी को किया लाइन हाजिर

हल्द्वानी( उद संवाददाता)। ड्यूटी छोड़कर चौकी के अंदर ताश के पत्ते फेंटकर जुआ खेल रहे चौकी इंचार्ज और उनके साथी स्टाफ को एसपी सिटी ने औचक निरीक्षण में रंगे हाथ पकड़ लिया। मामले की रिपोर्ट मिलने पर एसएसपी पी.एन मीणा ने भी अपने स्तर से जांच कराई। पुष्टि होने पर एसएसपी ने हल्द्वानी की पूरी लामाचौड़ रिपोर्टिंग पुलिस चौकी को लाइन हाजिर कर दिया। मंगलवार रात इसके निर्देश जारी किए गए। 22 जनवरी,सोमवार की रात करीब दो बजे एसपी सिटी हरबंस सिंह मुखानी थाना क्षेत्र में औचक निरीक्षण पर निकले थे। जब वह लामाचौड़ रिपोर्टिंग पुलिस चौकी क्षेत्र में पहुंचे तो उन्हें सड़क पर कोई पुलिस कर्मी ड्यूटी करता नजर नहीं आया। एसपी सिटी चौकी के अंदर पहुंचे तो चौकी इंचार्ज, चौकी के हेड कांस्टेबल और तीन कांस्टेबल जुआ खेलते पाए गए। अपने अधिकारी को अचानक सामने खड़ा देखकर इन सभी पुलिस कर्मियों के होश उड़ गए। एसपी सिटी ने सोमवार देर रात ही घटनाक्रम की जानकारी एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा को दी। मंगलवार को एसएसपी मीणा ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने और अनुशासनहीनता के आरोप में चौकी इंचार्ज सुनील गोस्वामी, हेड कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह, कांस्टेबल शंकर सिंह, धीरज सुगड़ा और चालक कांस्टेबल सोबन सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है।



# मौर्य एकेडमी की छात्राओं ने किया फिजिकल पास

गदरपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र में सेना और पुलिस से रिटायर्ड अधिकारियों द्वारा संचालित मौर्य एकेडमी है जहां पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र छात्राएं विभिन्न सरकारी विभागों में चयनित होकर इस क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। मौर्य एकेडमी के डायरेक्टर आनंद कुमार ने बताया कि वर्तमान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं में कमला बिष्ट पुत्री मेहरबान सिंह बिष्ट निवासी मदनापुर,उधम सिंह नगर,बबली पुत्री हरद्वारी लाल एवं कुसुम पुत्री हरद्वारी लाल निवासीगण मानपुर पश्चिम (जीतपुर नेगी) हल्द्वानी, नैनीताल,नेहा पुत्री यशपाल सिंह निवासी-भोला कॉलोनी ,वार्ड नंबर 1,गदरपुर,उधम सिंह नगर और नेहा धोनी पुत्री राजेंद्र सिंह ,निवासी -चंदेला,रामपुर , उत्तर प्रदेश ने उत्तराखंड आबकारी सिपाही और प्रवर्तन सिपाही भर्ती का फिजिकल टेस्ट पास कर अपना एवं एकेडमी का नाम रोशन किया है! कमला बिष्ट,बबली,कुसुम ,नेहा और नेहा धोनी द्वारा उत्तराखंड आबकारी सिपाही भर्ती का फिजिकल पास करने पर मौर्य एकेडमी के डायरेक्टर आनंद कुमार एवं समस्त स्टाफ और एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने इनको शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# महिला एवं सामाजिक कल्याण समिति ने गरीबों को बांटे कम्बल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति की टीम ने पिरामिल फाउंडेशन की गांधी फॉलो संध्या के सहयोग से ढालचंद केला खेड़ा में झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले जरूरतमंद लोगों को कंबल, कपड़े, जूते,चप्पल वितरित किये। समिति की अध्यक्ष डॉ.उषा नरेंद्र जैन ने सभी महिलाओं को बच्चों की पढ़ाई के प्रति व साफ सफाई के प्रति जागरूक किया और साथ ही महावारी स्वच्छता की भी जानकारी दी और किशोरियों को सेनेटरी नेपकिन भी वितरित किए। इस अवसर पर समिति की मुख्य सदस्य सीता देवी,ममता देवी,लक्ष्मी देवी और समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती राधा देवी ने अहम भूमिका निभाई।



# डंपर ने बाईक सवार युवकों को रौंदा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत रात्रि रामपुर रोड में तेज गति से जाते डंपर ने बाईक सवार दो युवकों को टक्कर मारकर रौंद दिया। इस दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम हाऊस भिजवाया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी आ गए और उनमें कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार गत रात्रि सरगम सिनेमा हॉल के पास बाइक पर बैठे दो युवक जा रहे थे। इसी दौरान सामने से तेज गति से आ रहे हैं डंपर के अज्ञात चालक ने बाइक को टक्कर मारकर उस पर सवार युवकों को रौंद दिया। बताया जाता है कि बाइक में पीछे बैठे 40 वर्षीय संजय नाम के युवक की मौके पर ही मौत हो गई है तो वहीं बाइक चला रहे सूरज कुमार नाम का युवक घायल है। पुलिस ने मृतक संजय के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं बाइक चला रहे घायल सूरज का उपचार सुशीला तिवारी हॉस्पिटल में चल रहा है।बताया जा रहा कि मृतक नैनीताल जिले के मुक्तेश्वर का रहने वाला है। पुलिस का कहना है कि डंपर और चालक को हिरासत में ले लिया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# अल्पसंख्यकों के हित भाजपा में सुरक्षित: वाधवा

खटीमा (उद संवाददाता)। झनकट मंडल की कार्य समिति की बैठक इस्लामनगर स्थित खुशबू मैरिज हॉल में संपन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता झनकट मंडल के अध्यक्ष अमानत हुसैन एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष अनवार अहमद मलिक ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के नगर महामंत्री मनोज वाधवा ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज को मुख्य धारा में लाने के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने समाज कल्याण विभाग द्वारा बहुत सी योजनाएं लागू की है। पूर्व में रही सरकारों ने अल्पसंख्यक समाज को मात्र वोट बैंक समझ कर उपयोग किया है। परंतु भारतीय जनता पार्टी की सरकार अल्पसंख्यक के हितों के लिए कार्य कर रही है। बैठक में मुख्य रूप से झनकट मंडल के अध्यक्ष अमानत हुसैन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुस्तकीम मलिक, जिला उपाध्यक्ष अनवार अहमद, सभासद गोकुल ,विवेक गुप्ता, मोहम्मद तसलीम, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य मोहम्मद तसलीम, इलियास अली, सलीम अहमद, मोहम्मद अनीस, अकरम कुरैशी, गुड्डू खान, मोहम्मद वसीम, युसूफ अंसारी, मोहम्मद हारुन, युसूफ, रजा मुराद, इंतजार, गुड्डू कुरैशी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# शराब के साथ युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी। पुलिस ने शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। आरटीओ चौकी पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। छड़ैल चौराहे के पास झाड़ियों में छिप कर एक व्यक्ति शराब बेच रहा थी जिसे पुलिस ने धर दबोचा। उसके पास रखे कट्टे की तलाशी लेने पर उसमें अंग्रेजी और देशी शराब के 64 पव्वे बरामद हुए। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम अंशु कुमार आर्या पुत्र हरीश कुमार निवासी दौला बाजपुर चोरगलिया हाल निवासी प्रेम के मकान में छडैल, हीरा चिकन के पास, गैस गोदाम रोड बताया। पुलिसने सके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया।

# सीएम ने किया वार्षिक कैलेंडर 'सशक्त नेतृत्व, समृद्ध उत्तराखण्ड' का विमोचन

देहरादून( उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को शासकीय आवास में सूचना विभाग के वार्षिक कैलेंडर ''सशक्त नेतृत्व, समृद्ध उत्तराखण्ड'' का विमोचन किया। इस कैलेंडर में प्रदेश के सभी 13 जिलों के प्रमुख धार्मिक व पर्यटक स्थलों, स्थानीय उत्पादों तथा प्राकृतिक सौन्दर्य को दर्शाया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा दिए गये 9 संकल्पों पर प्रदेश स्तर पर तेजी से कार्य किए जाएं। जल संरक्षण एवं डिजिटल लेन-देन के लिए भी लोगों को जागरूक किया जाए व नियमित स्वच्छता अभियान चलाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में वोकल फॉर लोकल को तेजी से बढ़ावा दिया जाए। स्वदेशी उत्पादों के अधिकतम इस्तेमाल करने के लिए भी लोगों को प्रेरित किया जाए। मुख्यमंत्री ने राज्य में पर्यटन और ऑर्गेनिक खेती को भी प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव श्री आर.मीनाक्षी सुंदरम, श्री शैलेश बगोली, श्री विनय शंकर पाण्डेय, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, एडीजी श्री ए. पी. अंशुमन और महानिदेशक सूचना श्री बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।

# फेसबुक पर आपत्तिजनक चाइल्ड पॉर्नोग्राफी अपलोड करने पर केस दर्ज

काशीपुर। सोशल मीडिया के फेसबुक पर आपत्तिजनक वीडियो अपलोड करने की एक मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध नामजद प्राथमिक की दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि आईटीसी हेमपुर हल्द्वानी नैनीताल निवासी शुभम हलदार पुत्र सुशील हलदार ने सोशल मीडिया के फेसबुक प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक चाइल्ड प्रोनोग्राफी वीडियो अपलोड किया। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

# रेलवे स्टेशन से बाइक चोरी

किच्छा( उद संवाददाता)। कोतवाली वाली के ठीक सामने स्थित रेलवे स्टेशन से अज्ञात चोर द्वारा गत सायं एक मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर लिया मोटरसाइकिल के स्वामी शिवम सागर पुत्र रामचंद्र निवासी पुराना गल्ला मंडी वार्ड नंबर 6 में कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह अपनी मोटरसाइकिल संख्या यूके06एडब्लू 7030 खड़ी करके कार्य हेतु पास ही गया था किंतु जब वह लौटा तो उसकी मोटरसाइकिल पार्क की गए स्थान पर नहीं थी जिसे उसने काफी खोज किंतु मोटरसाइकिल नहीं मिली पुलिस द्वारा शिवम सागर की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर मोटरसाइकिल की तलाश शुरू कर दी है।

# दुष्कर्म का आरोपी जीजा गिरफ्तार

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।नाबालिग साली के साथ दुष्कर्म कर गर्भवती बनाने के आरोपी जीजा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी एक बेटे का पिता है। शक्तिफार्म के एक गांव में 14 वर्षीय किशोरी गर्भवती निकली। उसकी तबीयत बिगड़ने पर परिवारजन अस्पताल ले गए थे। डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड कराया तो वह तीन माह की गर्भवती थी। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने शनिवार को दुष्कर्म व पॉक्सो की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी जीजा को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। अदालत ने उसे जेल भेज दिया।

## पेज एक का शेष...

**जिलों में नियुक्त होंगे...**माइनिंग ऑफिसर और एक डीजी के लिए पीएस का पद बनाया गया है। जिसके तहत हर जिले में एक ऑफिसर की नियुक्ति होगी। पुरानी जेल परिसर देहरादून में बार एसोसिएशन को 30 साल के लिए पांच बीघा जमीन देने पर सहमति प्रदान की गई। इसके साथ ही कैबिनेट ने चुनाव से पहले एक बच्चा और जीत के बाद जुड़वां होने पर अयोग्य नहीं होने के नियम पर अपनी मुहर लगाई गई है। इसके साथ ही परिवहन मंत्रालय का रीजनल ऑफिस बनाने को 0.026 हेक्टेयर जमीन पुलिया नंबर छह पर निशुल्क देने पर सहमति,पशु चिकित्सा अधिकारी की नियमावली में संशोधन,जलाशयों की बोली पिछली नियमावली में पांच साल थी, जिसे मत्स्य पालन के लिये अब 10 साल किया गया, खिलाड़ियों के लिए चार क्षैतिज आरक्षण के लिये विधेयक लाने पर मंजूरी,साहसिक पर्यटन में अहर्ता में शिथिलता देते हुये कुछ पदों पर भर्ती आसान बनाई गई है। लखवाड़ व्यासी जैसे डैम में अब स्थानीय लोग 10 लाख तक के काम लोकल सोसाइटी बनाकर कर सकते हैं। पूर्व में यह सीमा 5 लाख तक थी। कांस्टेबल की सेवा नियमावली में एकरूपता लाने के साथ ही उत्तराखंड में गन्ना मूल्य पिछले साल से 20 रुपये ज्यादा घोषित किया गया है। ओबीसी के एकल सदस्यीय समर्पित आयोग की समय सीमा 1 जनवरी 2025 तक बढ़ाई गई।

**विजेता महिला ...**कि यह सम्मान और गौरव का विषय है कि दुर्गम क्षेत्र के रहने वाली इन बालिकाओं ने उत्तराखंड का नाम रोशन किया है ।उन्होंने कहा कि आज बालिका दिवस है और बालिका दिवस पर इन बालिकाओं ने नागपुर में हुई कबड्डी प्रतियोगिता में अपना परचम लहराकर अपनी श्रेष्ठता को साबित किया है। एकल अभियान समिति की शैली बंसल ने कहा कि यह बच्चियों बेहतर कल का निर्माण करेंगी और एकल अभियान समिति सदैव उनके साथ खड़ा रहेगी। इस दौरान तमाम अतिथियों ने सभी महिला खिलाड़ियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान विजय भूषण गर्ग, बलदेव राज छाबड़ा, विनय बतरा, गणेश प्रजापति, नीलकंठ राणा, राज कोली, अनिल त्यागी, टीम मैनेजर कुलबीर सिंह, कोच ममता समेत महिला खिलाड़ियों में गोरी ,भावना, भूमिका, पलक, वैष्णवी, वैशाली, पार्वती, भक्ति शामिल थे।

**पौष्टिक मिड डे मील...**वैसे अभी तक कराए गए बाल स्वास्थ्य सर्वे में जो छात्र छात्राएं कमजोर एवं बीमार पाए गए हैं, उनमें अधिकांश छात्र-छात्राओं में दांतों और त्वचा से जुड़ी बीमारी ज्यादा पाई गई है। जहां दांतों की सड़न समेत विभिन्न रोगों से ग्रस्त 16 हजार से ज्यादा बच्चे मिले हैं, वहीं करीब 9 हजार छात्र-छात्राएं त्वचा से जुड़ी समस्याओं से पीड़ित पाए गए हैं। चिकित्सकों के अनुसार उपरोक्त दोनों ही बीमारियां स्वच्छता के प्रति लापरवाही के कारण हो रही हैं ।राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य सर्वेक्षण की रिपोर्ट पर दृष्टिपात करें, तो अब तक के सर्वे में 1648 बच्चे खून की कमी, 5845 बच्चे आंखों के रोग, 8897 बच्चे स्किन समस्या, 16460 बच्चे दांतों की बीमारी, 2487 बच्चे सुनने की समस्या, 130 बच्चे शारीरिक विकार, 78 बच्चे मानसिक विकार तथा 24202 बच्चे अन्य बीमारियों से ग्रसित पाए गए हैं। उधर सर्वे रिपोर्ट के आंकड़े सामने आने पर राज्य के शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी का दावा है कि उत्तराखंड सरकार बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर पूरी तरह गंभीर है तथा स्वास्थ्य के प्रति बच्चों और अभिभावकों को जागरूक किया जाएगा ।सभी अधिकारियों को इस बाबत निर्देशित किया जा रहा है कि स्कूल अवधि में छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति अधिक से अधिक संवेदनशील बनाया जाए ।साथ ही अभिभावकों के साथ भी नियमित रूप से संपर्क में रहा जाए।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# कालू सिद्ध मंदिर में दो समाधियों पर आंच बर्दाश्त नहीं- महंत त्रिवेणी

## लाखों भक्तों की आस्था से जुड़ा है मंदिर, सौंदर्यीकरण की जद में आ रहा कालू सिद्ध मंदिर

**-प्रमोद धींगरा / हिमांशु वार्ष्णेय-**

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शासन प्रशासन द्वारा महानगर के बाजार क्षेत्र के मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण के साथ ही सौंदर्यीकरण की कवायद में जहां दर्जनों दुकानें निजी भवन तथा सरकारी भवन आ रहे हैं तो वहीं कालाढूंगी चौराहा पर पिछले करीब सौ साल से भी अधिक समय से स्थित लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र प्राचीन श्री कालू सिद्ध मंदिर भी सरकारी प्रस्तावित नक्शे की जद में आ गया है। जिसे बचाने के लिए जहां श्रद्धालु शासन प्रशासन से निरंतर आग्रह कर रहे हैं तो वहीं मंदिर के कार्यवाह अध्यक्ष एवं प्रमुख महंत त्रिवेणी गिरी जी महाराज ने भी प्रशासनिक अधिकारियों को मंदिर के मूल दस्तावेजों को प्रस्तुत कर अपना पक्ष रखते हुए स्पष्ट रूप से कहा है कि मंदिर में करीब सौ वर्ष पूर्व से मौजूद बाबा सुमन गिरी जी महाराज तथा एक अन्य बाबा जी की समाधि पर किसी भी दशा में आंच नहीं आने दी जाएगी। चाहे इसके लिए कोई भी कुर्बानी क्यों न देनी पड़े।





उन्होंने कहा कि यदि शासन प्रशासन कालाढूंगी चौराहा का चौड़ीकरण तथा सौंदर्यीकरण करना चाहता है तो वह इसमें सहयोग करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। महंत सुमन गिरी जी महाराज ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी प्राचीन श्री कालू सिद्ध मंदिर के पीछे मंदिर के गोदाम तथा रसोई को अपने अधीन लेकर मार्ग का चौड़ीकरण कर सकते हैं। इससे मार्ग चौड़ा होकर मंदिर के पीछे से होकर गुजरता हुआ नैनीताल मार्ग से मिल जाएगा साथ ही लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र प्राचीन श्री कालू सिद्ध मंदिर की दोनों समाधियां व देवी देवताओं की प्रतिमाएं भी सुरक्षित रह सकेंगी। महंत त्रिवेणी गिरी जी महाराज ने बताया कि श्री कालू सिद्ध मंदिर में दशकों पुराने पीपल के पेड़ में अलौकिक शक्तियां विराजमान हैं। यहां आने वाले श्रद्धालुजन गुड़ प्रसाद को पेड़ से छुआ कर चढ़ाते हैं और मन्नतें मांगते हैं। उन्होंने बताया कि यहां पर शीश झुकाने वाले हर व्यक्ति की मनोकामनाएं अवश्य पूरी होती हैं। मंदिर में भगवान श्री शंकर, नाग देवता, भगवान श्री विष्णु, भगवान श्री गणेश, भगवान श्री हनुमान, महंत बाबा सुमन गिरी जी महाराज तथा गुरु जी की समाधि, गुरु नानक गद्दी, दत्ताश्रेय प्रतिमा, मां दुर्गा, गोलज्यू देवता, श्री बाल हनुमान जी, भगवान भोले पार्वती, काली माता, श्री शनिदेव आदि देवी देवताओं की पुरातन प्रतिमाएं स्थापित हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर के संचालन के लिए कई दशक पूर्व एक कमेटी का गठन किया गया था। जिसके अध्यक्ष गुरु कालू गिरी जी महाराज वृद्धावस्था में वर्तमान में बरेली निवास कर रहे हैं। सचिव उत्तम सिंह बिष्ट शांतिपुरी में, सुमारी बाबा नोएडा दिल्ली में, नवल कुमार गुप्ता रूद्रपुर में निवास कर रहे हैं तथा श्री त्रिपाठी जी भी कमेटी में शामिल हैं। इनके अतिरिक्त भवानी जी, शंकर गिरी जी महाराज व लाला मलूक गिरी जी का निधन हो चुका है। महंत त्रिवेणी गिरी जी महाराज ने बताया कि वह आनन्द अखाड़ा से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा उन्हें मार्ग चौड़ीकरण की जद में श्री कालू सिद्ध मंदिर के आने पर तीन बार नोटिस दिया जा चुका है। वह हर बार अपना पक्ष रखते आ रहे हैं। यहां तक कि कुमायूं कमिश्नर दीपक रावत के समक्ष भी वह मंदिर के मूल दस्तावेजों को प्रस्तुत कर मंदिर में स्थित समाधियों की सुरक्षित रखने का आग्रह भी कर चुके हैं। उनके आग्रह पर स्वयं आयुक्त श्री रावत ने यहां मंदिर में आकर शीश झुकाने के बाद निरीक्षण किया था और वैकल्पिक मार्ग निकालने के निर्देश दिए थे। अब 25 जनवरी को नगर निगम द्वारा पुनः दस्तावेजों सहित उपस्थित होने का नोटिस दिया गया है। वह इस आदेश का सम्मान करते हुए अधिकारियों के समक्ष अपनी बात को ही दोहराएंगे कि मंदिर का गोदाम व रसोई ले ली जाए तथा शेष मंदिर को मूल रूप में रहने दिया जाए। हालांकि यह मामला उच्च राजनैतिक हस्तियों तक भी पहुंच चुका है।अब देखना है कि प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारी लाखों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े इस श्री कालू सिद्ध मंदिर को लेकर क्या रुख अपनाते हैं? यह तो भविष्य ही बताएगा।

# देश की आजादी में बोस का अहम योगदान : चुघ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। देश की आजादी में अहम योगदान देने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127 वीं जयंती पर भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक और समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने ट्रांजिट कैंप के नेताजी सुभाष पार्क पहुंचकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये।श्री चुघ ने अपने संबोधन में कहा कि नेताजी बोस आजादी के महानायक रहे और उनके नेतृत्व में आजाद हिंद फौज का निर्माण किया। जिन्होंने आजादी की लड़ाई में अपना अहम योगदान निभाया। उन्होंने कहा नेताजी बोस का व्यक्तित्व और कृतित्व बेहद विशाल और विराट था।उन्होंने आजादी के दौरान किसी भी प्रकार से अपने मूल्यों से समझौता नहीं किया और आजादी का बिगुल बजाते रहे।श्री चुघ ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को आजादी के महानायक नेताजी बोस के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और राष्ट्रीयता में अपना सर्वस्व योगदान देना चाहिए। इस दौरान अन्य वक्ताओं ने भी नेताजी बोस की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर दिलीप अधिकारी, तरुण दत्ता, अर्जुन विश्वास, तपन विश्वास, राज कोली, मोनू निषाद , रॉबिन विश्वास, दिनेश तोमर , शुभम दास, हरिदास , रत्न भंडार , मनोज राय , तर्पण विश्वास , आशीष, दर्शन कोली, विपिन कोली सहित तमाम लोग मौजूद थे।




# यातायात नियमों का पालन करें : मीणा

## शहर में 19 मुख्य चौराहों पर पुलिस टीमों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देशन में पुलिस द्वारा 15 जनवरी से '34वां सड़क सुरक्षा माह' का आयोजन किया जा रहा है। जिसको सार्थक रूप देने के लिए एसएसपी द्वारा कोतवाली से यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यातायात जागरूकता रैली में सीपीयू, यातायात, पेट्रोल कार, हल्द्वानी सर्किल के थानों, 112 वाहन तथा चीता मोबाइल को शामिल किया गया। रैली का समापन हाइडल गेट पर किया गया। रैली से पूर्व एसएसपी द्वारा स्थानीय लोगों तथा ट्रैफिक वॉलंटियरो के मध्य जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया। रैली के उपरांत शहर में 19 मुख्य चौराहों पर पुलिस टीमों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को यातायात नियमों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा जागरुकता पंपलेट बैनर वितरित किए गए। इसी क्रम में जनपद के सभी थाना चौकी क्षेत्र में पुलिस द्वारा वृहद स्तर पर यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जागरूकता रैली कार्यक्रम में हरबंस सिंह, एसपी सिटी हल्द्वानी, श्रीमती संगीता, सीओ लालकुआं, राकेश माहरा प्रभारी निरीक्षक यातायात हल्द्वानी, जगदीश राम कोहली, प्रभारी सीपीयू, हल्द्वानी सर्किल के सभी थाना प्रभारी, यातायात पुलिस, सीपीयू, थानों की चीता मोबाइल, डॉयल 112 तथा थाना पुलिस बल, पुलिस वॉलंटियर व स्थानीय लोग मौजूद रहे।



